Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi • Friday, 30 August 2024 • Year : 02 • Issue : 222 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

BRIEF NEWS

## कोकर गणेश पूजा की कमेटी का हुआ गठन

**RANCHI :** राजधानी रांची में कोकर गणेश पूजा इंडस्ट्रियल एरिया की नई कमेटी का गठन कर दिया गया है। इसमें मुख्य संरक्षक चुन्नू सिंह, चंचल चटर्जी, अश्विनी शर्मा, अरविंद मंडल मुकुल सिंह, युवराज पासवान, दीपू पासवान बनाए गए हैं। मिथिलेश छतरी, रवि रंजन पाठक, प्रदीप रवि, राजेश झा संरक्षक, बिहार गोप, बैजनाथ प्रसाद केके वर्मा सूरज शर्मा विक्की सिंह नवीन वर्मा सुजान सिंह रंजीत ठाकुर गुड्डू सोनी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, जीतू सिंह, रोहित सिंह, सुमित सिंह सतीश सिंह, कैलाश पंडित, मिथिलेश ठाकुर सतीश सुमन दुर्गा ठाकुर बने हैं। कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार, दुर्गेश झा बंटी राम, विशाल कुमार, समीर सिंह, हिमांशु राय गांधी, दीपू राय, मनीष पांडे, अमन सिंह शीतल और मीडिया प्रभारी मनोरंजन सिंह, पिंटू दुबे, रोहित सिंह छोटू मनोनीत किए गए हैं।

## आईपीएस एसएन प्रधान कल होंगे सेवानिवृत

**RANCHI :** झारखंड कैडर के तेज तर्रार 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी एसएन प्रधान दो दिन बाद 31 अगस्त (शनिवार) को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वह वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीजी हैं। 31 अगस्त को रिटायर होने के बाद उन्हें झारखंड पुलिस विदाई देगी। वहीं अगले पांच माह में झारखंड कैडर के चार और आईपीएस सेवानिवृत्त होंगे। इनमें अजय भटनागर 30 नवंबर 2024, पूर्व डीजीपी अजय कुमार सिंह और मुरलीलाल मीणा जनवरी 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। अजय भटनागर फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

## 227 जवानों को एएसआई रैंक में मिलेगा प्रमोशन

**RANCHI :** इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के 227 जवानों को एएसआई श्रेणी में प्रोन्नति मिलेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इन 227 जवानों की वरीयता सूची जारी कर दी है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार आईआरबी के गठन को मंजूरी देती है। इसका खर्च भी केंद्र सरकार वहन करती है। बटालियन के गठन के लिए यह शर्त भी रहती है कि केंद्र सरकार जहां चाहे इस बटालियन का उपयोग कर सकती है। इस बल का गठन राज्यों में सीआरपीएफ या अन्य केंद्रीय बलों से निर्भरता खत्म करने के लिए किया गया है। बता दें कि आईआरबी में कार्यरत जवानों और कर्मियों की सेवानिवृत्ति की आयु पहले तय नहीं थी। लेकिन इस साल फरवरी में हुए कैबिनेट की बैठक में सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष तय की गयी। कैबिनेट की बैठक में आईआरबी के जवानों और कर्मियों के आश्रितों को उनकी शेष सेवा अवधि के बराबर भुगतान करने को मंजूरी मिली।

### 3000 नए ई-रिक्शा व 1000 ऑटो का परमिट जारी करने पर बनी सहमति

# तीन दिनों से चल रही ऑटो व ई रिक्शा चालकों की हड़ताल खत्म

**PHOTON NEWS RANCHI :** गुरुवार को परिवहन सचिव और नगर आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों के साथ हुई वार्ता के बाद ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने अपनी हड़ताल समाप्त करने का फैसला किया है। तीन दिनों तक सड़कों पर ऑटो और ई-रिक्शा नहीं चलने के कारण यात्रियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा।

वार्ता में 3000 नए ई-रिक्शा परमिट,1000 नए ऑटो परमिट जारी करने पर सहमति बनी। फिलहाल कोई भी जुमार्ना नहीं वसूला जाएगा। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की हड़ताल खत्म होने से राजधानी वासियों को अब राहत होगी। इसके

### 20 किमी की परिधि में चलाने का नियम

रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए शहर के 20 किमी की परिधि में ऑटो चलाने के नियम में बदलाव किया गया है। ट्रैफिकपुलिस ने चार जोन में परिचालन का रूट बांट कर 3-3 किमी का दायरा बना दिया है। इसके विरोध में ही ऑटो और ई-रिक्शा चालक 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे।

पहले झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव, ई-रिक्शा चालक यूनियन के संरक्षक उतम यादव सहित अन्य ने बताया था कि शुक्रवार को बात करने के लिए वे सीएम कार्यालय जाएंगे। इसके पहले ही अधिकारियों के साथ वार्ता में समझौता हो गया। बता दें कि रांची में पांच हजार ई-रिक्शा, 10 हजार सीएनजी ऑटो और दो हजार डीजल ऑटो चलते हैं। जो पिछले तीन दिनों से ऑटो चलाने के नियम में बदलाव के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। हजारों चालक अपनी मांग को लेकर रातु रोड स्थित ऑटो स्टैंड पर प्रदर्शन कर रहे थे। चालकों का कहना है कि तीन दिनों की हड़ताल पर जाने से लगभग डेढ़ लाख परिवार के घर पर चूल्हा नहीं जला। अगर हमारी मांगें पूरी हुई तो हड़ताल खत्म कर देंगे। अगर बात नहीं बनी तो ट्रैफिक एसपी के कार्यालय में सभी ऑटो ऑटो चालक जाएंगे और गाड़ी की चाभी सौंपेंगे। चालकों का कहना था कि कि राज्य के विधायकों और सांसदों ने चालकों का साथ नहीं दिया।

# अब मॉल बनेगा वेलफेयर सिनेमा हॉल, सैनिक कल्याण बोर्ड में रखा गया प्रस्ताव

भूतपूर्व सैनिकों के साथ बैठक करते गवर्नर संतोष कुमार गंगवार। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** गुरुवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में राजभवन में सैनिक कल्याण निदेशालय प्रबंध समिति की बैठक हुई। इसमें सैनिक कल्याण बोर्ड की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया गया। बैठक में मेन रोड सैनिक मार्केट परिसर स्थित वर्षों से बंद पड़े वेलफेयर सिनेमा हॉल के स्थान पर मॉल बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया। साथ ही सैनिक बाजार परिसर के पार्किंग क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की चर्चा की गई।

भूतपूर्व सैनिकों की राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली नियुक्ति में आरक्षण का लाभ देने की बात भी कही गई। बैठक में बोर्ड की ऑडिट रिपोर्ट रखी गई। राज्यपाल ने कहा कि सैनिक कल्याण बोर्ड सिर्फ प्रस्ताव तक सीमित न रहे, बल्कि अपने कार्यों में तेजी लाए। उन्होंने सैनिक मार्केट में भूतपूर्व सैनिकों को वर्षों पहले आवंटित दुकान खाली कराने के मामले में कहा कि जब सभी चीजें सही व अनुकूल चल रही हों, तो अनावश्यक खाली कराने की कार्रवाई क्यों। अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। राज्यपाल गंगवार ने बैठक में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलनेवाले भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्देश दिया। भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे जिनका चयन कमीशन ऑफिसर के रूप में हुआ है,

- राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में हुई मीटिंग
- सैनिक बाजार परिसर के पार्किंग क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को ले हुई चर्चा
- गवर्नर ने पूर्व सैनिकों के आश्रितों को प्रोत्साहन राशि देने का दिया निर्देश

### भूतपूर्व सैनिकों के रोजगार की पहल करे बोर्ड

राज्यपाल गंगवार ने कहा कि जिन भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार की आवश्यकता है, उन्हें राज्य में मौजूद कंपनी में काम दिलाया जाए। इसके लिए भूतपूर्व सैनिकों को डीजीआर के तहत सिक्योरिटी एजेंसी से सेवाएं ली जाएं। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, प्रधान सचिव, वित्त विभाग मस्तराम मीणा सहित निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखंड, सहायक निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखंड, सहित कई वरीय पदाधिकारीगण मौजूद थे।

उन्हें शुरू में 25,000 रु पारितोषिक राशि के रूप में देने पर सहमित बनी।

# मांडर व बेड़ो में जल्द चालू होगा कोल्ड स्टोरेज : मंत्री

क्षेत्र भ्रमण के दौरान कृषि व सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** गुरुवार को कृषि और सहकारिता मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा है कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में किसानों से जुड़ी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मांडर और बेड़ो के सरकारी कोल्ड स्टोरेज को जल्द ही चालू करने का प्रयास किया जायेगा। मंत्री अपने दौरे के क्रम में सबसे पहले मांडर पहुंची जहां मांडर चौक कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। उनके साथ मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी थी। मांडर प्रखण्ड के बूढ़ाखोखरा में कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने संवेदक से बातचीत की और सभी तकनीकी समस्याओं की जानकारी लेने के बाद उन्होंने कहा कि जल्द ही समाधान के पश्चात निर्माण कार्यों को पूरा किया जायेगा। इसके साथ ही कोल्ड स्टोरेज में बिजली आदि की व्यवस्था भी अविलम्ब की जायेगी। मांडर के बाद मंत्री बेड़ो पहुंची जहां केशा मोड़ पर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। केशा मोड़ पर उन्होंने एक कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था को देखा।

## पंकज मिश्रा को बेल देने से कोर्ट का इनकार, दूसरी बार खारिज की याचिका

**RANCHI :** टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोप में जेल में बंद सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। पूर्व में भी ईडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। लेकिन हाई कोर्ट में उनकी ओर से दायर याचिका पिछले दिनों वापस ले ली गई थी और फिर से पीएमएलए कोर्ट में जमानत याचिका दायर की गई थी। बता दें कि सीएम के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था।

### हाईकोर्ट ने बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन से पूछा-

# नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन का कब बनाएंगे डीपीआर

**PHOTON NEWS RANCHI :** कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। गुरुवार को मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड से पूछा कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की अतिरिक्त भवन बनाने के लिए डीपीआर कब तक बनेगा? कोर्ट ने राज्य सरकार को इसपर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है, अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पैरवी की। खंडपीठ ने झारखंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड से पूछा कि अगर आपको डीपीआर की राशि का भुगतान कर दिया जाता है तो कब तक नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के

अतिरिक्त भवन का डीपीआर तैयार होगा? पिछली सुनवाई में झारखंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के एमडी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि कारपोरेशन के पास वित्त विभाग की चिट्ठी है जिसके तहत वह किसी भी भवन का डीपीआर बनाने के लिए प्रोजेक्ट का कुल लागत का 10% राशि चार्ज लेता है। पूर्व की सुनवाई दौरान सीसीएल, सेल आदि की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के अतिरिक्त भवन सीएसआर फंड के तहत तैयार करा सकता है, लेकिन उसे भवन का डीपीआर बनाकर दिया जाए।

# हम जो संकल्प पत्र जारी करते हैं, उसी के साथ जनता के बीच जाते : बाबूलाल मरांडी

अभियान की शुरुआत करते बाबूलाल मरांडी व भाजपा नेता। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आज से घोषणा पत्र सुझाव अभियान की शुरूआत कर दी। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और घोषणा पत्र सुझाव अभियान समिति के संयोजक विधायक अनंत ओझा की उपस्थिति में इस अभियान की शुरूआत की गई।

इस अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी जिला, प्रखंड और मंडल स्तर तक जाकर युवाओं, महिलाओं, किसान, मजदूर, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पारा शिक्षक, सहिया दीदी से मिलकर उनकी सलाह लेंगे कि वह कैसा घोषणा पत्र चाहते हैं। इसी को पार्टी अपने संकल्प पत्र में स्थान देगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में घोषणा पत्र सुझाव अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि घोषणा पत्र किसी भी राजनीतिक दल के संकल्पों का दस्तावेज होता है। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक दलों के दृष्टिकोण को भी बताती है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र कहती है। हम जो संकल्प पत्र जारी करते हैं उसी के साथ जनता के बीच जाते हैं और जब जनता का विश्वास जीतकर सरकार बनाते हैं तो उसे पूरा भी करते हैं।

## रिम्स में मारपीट की जांच के लिए बनी कमेटी, 48 घंटे में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

**RANCHI :** रिम्स स्टेडियम के पास मंगलवार की रात मेडिकल स्टूडेंट व होमगार्ड जवानों के बीच हुई मारपीट की जांच के लिए प्रबंधन ने जांच कमेटी बनायी है। जांच कमेटी को 48 घंटे के अंदर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। डीन को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। कमेटी में जेडीए अध्यक्ष को भी शामिल किया गया है। ज्ञात हो कि मामले में मेडिकल स्टूडेंट और होमगार्ड के जवान एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगा रहे हैं। इधर, मारपीट की घटना के विरोध में बुधवार की दोपहर 12 बजे (एक घंटा के लिए) मेडिकल स्टूडेंट ने ओपीडी को बंद करा दिया।

# अधिवक्ता हत्याकांड के आरोपी को सहयोग करने वाला युवक अरेस्ट

**PHOTON NEWS RANCHI :** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम में बीते दो अगस्त को अधिवक्ता गोपी कृष्ण की हत्या कर दी गई थी। उसके बाद इस कांड के दोनों अपराधी (रोशन मुण्डा और संदीप कालिन्दी) गिरफ्तार किया गया था। दोनों गिरफ्तार अपराधी के द्वारा बताया गया कि अधिवक्ता गोपी कृष्णा के हत्या करने के बाद भागने के क्रम में एक देसी कट्टा और गोली खेमलाल कालिन्दी (संदीप कालिन्दी का भाई) को छिपाने के लिए दिये थे व दोनों अपराधी को भगाने में भी सहयोग किया था। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली

अपराधी के बारे में जानकारी देते एसएसपी चंदन सिन्हा। ● फोटोन न्यूज

डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए खेमलाल कालिन्दी सिमडेगा से उसके जीजा के घर से पकड़ा। पूछताछ करने पर बताया कि हथियार को अपने घर के पास मुडला पहाड़ में छिपा के रखे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम हथियार को बरामद किया। गुरुवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उधर, कोतवाली डीएसपी प्रकाश कुमार सोए के नेतृत्व में पुलिस की छापेमारी में घर के तहखाने में छुपा कर रखे गए 105 पुड़िया ब्राउन शुगर और तीन किलो गांजा बरामद किया गया है।

### झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर हो रही तबादले की तैयारी

# आईजी, डीआईजी समेत बड़े अफसरों का होगा ट्रांसफर

- एक ही जिले में तीन साल से अधिक समय से पदस्थापित पुलिसकर्मियों को किया जाएगा इधर से उधर

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। अब तक की जो जानकारी सामने आ रही है उसके अनुसार, झारखंड में अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह में आचार संहिता लागू हो सकता है। इसको देखते हुए सरकार की ओर से पुलिस महकमे में बड़े स्तर पर तबादले की तैयारी शुरू कर दी गयी है। दो दिन पहले ही एसपी रैंक के 10 आईपीएस का तबादला किया गया है। अभी कुछ और जिलों के एसपी का तबादला होना है। जानकारी के मुताबिक, आने वाले सप्ताह में आईपीएस स्तर के कई पुलिस अधिकारियों का

तबादला होगा। इनमें एसपी, डीआईजी और आईजी रैंक के शामिल होंगे। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय स्तर पर भी कई अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की सूचना है। झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर एक ही जिले में तीन साल से पदस्थापित पुलिस कर्मियों का तबादला किया जा चुका है। राज्य पुलिस स्थापना परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद बीते 18 अगस्त को एक ही जिले की इकाई में तीन वर्ष या उसके अधिक समय अवधि तक पदस्थापित पुलिस निरीक्षक और परिचारी प्रभारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई थी।

### विधि व्यवस्था को ध्यान में रखकर की जाएगी पोस्टिंग की प्रक्रिया

तबादले को लेकर एक और बिंदु भी देखा जा रहा है। पुलिस मुख्यालय भी जिलावार विधि-व्यवस्था, अपराध व नक्सल आदि के बिंदु पर आकलन कर रहा है। जिस जिले में अपराध के आंकड़े अधिक होंगे और निष्पादन व खुलासे का प्रतिशत कम होगा, उस जिले के कप्तान को बदलने का प्रस्ताव राज्य सरकार को जायेगा। वहीं डीएसपी स्तर के पुलिस पदाधिकारी के ट्रांसफर के लिए भी सूची तैयार की जा रही है। आने वाले कुछ ही दिनों में राज्य के अलग-अलग पदों पर पदस्थापित डीएसपी रैंक के कई पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया जायेगा।

## हनीट्रैप कर मुंबई के व्यवसायी का अपहरण, 50 लाख की वसूली फिरौती

**RANCHI :** मुंबई के मल्टी नेशनल कंपनी के बड़े अधिकारी मेहुल शाह को हनीट्रैप में फंसा कर 50 लाख की उगाही कर ली गई। जमशेदपुर की एक युवती ने मेहुल का न्यूड वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल कर उनसे हवाला के जरिए 50 लाख रुपए वसूल कर ली। दरअसल, मेहुल शाह की दोस्ती जमशेदपुर की युवती श्वेता पति से सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती काफी गहरी हो गयी थी। दोनों के बीच न सिर्फ बातचीत होती थी, बल्कि वे लोग अक्सर मिलते जुलते थे। इस दौरान श्वेता उससे लाखों रुपए ले चुकी थी। हालांकि कुछ दिनों से दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई। श्वेता से मेहुल ने बातचीत भी करना बंद कर दिया था। इसी क्रम में श्वेता ने अपने कार्यस्थल को छोड़ दी और वह रांची आकर रहने लगी।

# राजद की कांके प्रखंड समिति का हुआ विस्तार, शाहिद बने उपाध्यक्ष

बैठक में शामिल राजद कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल कांके प्रखंड सामिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार रॉय की अध्यक्षता में कांके बिरसा कृषि विश्वविद्यालय मैदान में हुई। पार्टी के रांची जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद सलिल अंसारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में राजद की प्रखंड सामिति का विस्तार किया गया। कांके प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार रॉय ने बताया कि जिला अध्यक्ष के निदेर्शानुसार कांके प्रखंड सामिति का विस्तार किया गया है। शाहिद अहमद को प्रखंड उपाध्यक्ष, तनवीर खान प्रखंड सचिव, कृष्णा कुमार को प्रखण्ड कोषाध्यक्ष, साहिल अंसारी प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया है। कैसर आलम,साहेब अनवर, पार्टी में शामिल हुए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार रॉय और जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद सलिल अंसारी ने सभी पदाधिकारियों को पार्टी का पट्टा पहना कर और प्रमाण पत्र देकर मनोनीत किया। जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद सलिल अंसारी ने कहा कि पार्टी की विचारधारा व पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी से प्रेरित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Friday, 30 August 2024 ● Year : 02 ● Issue : 222 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**सुविचार**

पता नहीं क्यों, लोग और सब देखते हैं, जिंदगी नहीं देखते। जिंदगी इस पैसे, धरती और आसमान से ज्यादा कीमती है साहब।

– कमलेश्वर

Swara Bhaskar Reacts to...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 82,134.61 |
| निफ्टी | : | 25,151.95 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,885 |
| चांदी | : | 93.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली ढेर

**RAIPUR :** गुरुवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सलियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया। नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें तीन वर्दीधारी महिला नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया। मौके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों के होने सूचना मिली थी।

### सेंसेक्स-निफ्टी ने बनाया ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड

**MUMBAI :** गुरुवार को सेसेंक्स ने 82,285 और निफ्टी ने 25,192 का नया ऑलटाइम हाई बनाया। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 349 अंक की तेजी के साथ 82,134 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 99 अंक की तेजी रही, ये 25,151 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 में तेजी और 22 में गिरावट रही।

### बृजभूषण को दिल्ली हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**NEW DELHI :** बृजभूषण सिंह को दिल्ली हाईकोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने बृजभूषण के वकील से मामले में एक शार्ट नोट कोर्ट में जमा करने को कहा है। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण की याचिका की मेंटेनेबिलिटी पर सवाल उठाया गया। 26 सितंबर को मामले में अगली सुनवाई होगी।

### पूजा खेडकर को 5 सितंबर तक गिरफ्तारी से राहत

**NEW DELHI :** दिल्ली हाईकोर्ट ने बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक टाल दी है। पूजा के जवाब पर विचार करने और नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दिल्ली पुलिस ने और समय मांगा है। इसके बाद जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने पुलिस को निर्देश दिया कि आगे की कार्यवाही लंबित रहने तक खेडकर को गिरफ्तार न किया जाए।

### डॉक्टरों के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला : ममता

**KOLKATA :** गुरुवार को बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स को कभी नहीं धमकाया। ममता ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि कुछ लोग आरोप लगा रहे हैं कि मैंने प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स को धमकाया है। ये सरासर झूठ है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि ममता ने बंगाल के उन जूनियर डॉक्टर्स को धमकाया, जो 21 दिन से हड़ताल पर हैं। ये डॉक्टर्स आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को हुए ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के केस में न्याय की मांग कर रहे हैं।

# लोग तभी स्वस्थ रहेंगे, जब स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ रहेगा : हेमंत

## 365 अनुबंध आधारित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र

## राज्य में पहली बार अमीर महतो नाम के ट्रांसजेंडर की भी इस पद पर हुई है बहाली

**PHOTON NEWS RANCHI :** गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में लोग तभी स्वस्थ रहेंगे,जब स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ रहेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी ऑलराउंडर की भूमिका में हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में ये बातें कही। इस दौरान उन्होंने 365 अनुबंध आधारित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में सीएम ने पांच सीएचओ को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जिसमें पहली बार ट्रांसजेंडर अमीर महतो के अलावा रीता महतो, डॉ. पियुल कुजूर, मजमा परवीन और डॉ. संदीप कुमार को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

### लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाएं सीएचओ

सीएम ने नवनियुक्त सीएचओ से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक सरलता से पहुंचाएं। आज भी लोग झाड़फूंक, जड़ी-बूटी के आधार पर परंपरागत तरीके से स्वास्थ्य उपचार कराने में लगे रहते हैं। यह एक चिंता का विषय है। राज्य के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति विश्वास के साथ जोड़ना है। आज अलग-अलग विभागों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### 21680 सुरक्षित व 11356 ऑक्सीजन युक्त बेड : बन्ना

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में 15 से ज्यादा आरटीपीसीआर लैब हैं। जीनोम सिक्वेंशिंग मशीन भी है। 21,680 बेड सुरक्षित हैं और 11,356 ऑक्सीजन युक्त बेड हैं। विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि सीएचओ 100 तरह की दवाओं को प्रेसक्राइब कर सकते हैं। स्वस्थ झारखंड की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में सीएचओ की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि अगर अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं हैं, तो लोगों का इलाज प्राइवेट डॉक्टरों से कराया जाएगा।

## राज्य में हजारों नियुक्तियां प्रक्रियाधीन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हजारों नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं। कुछ साथियों को लगता है कि हमलोग हाथ पर हाथ धरे बैठें हैं, लेकिन हम बताना चाहते हैं कि सरकार ने पशु चिकित्सक, चिकित्सा पदाधिकारी, लैब अस्सिटेंट, जूनियर इंजीनियर, सहायक इंजीनियर, पंचायत सचिव, लिपिक, लेखापाल, दंत चिकित्सक, नर्स, आयुष चिकित्सक, फॉरेंसिक साइंटिस्ट आदि पदों पर नियुक्तियां की हैं। बेहतर कानून व्यवस्था और न्याय के लिए एपीपी की भी बहाली की गई है। हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों के रख-रखाव के लिए सालाना पांच करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए दो लाख, पीएचसी के लिए पांच लाख, सीएचसी के लिए 10 लाख, सब- जिविजनल हॉस्पिटल के लिए 50 लाख और जिला अस्पताल के लिए सालाना 75 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

## हेमंत सोरेन कैबिनेट ने 44 प्रस्तावों को चर्चा के बाद दी स्वीकृति

# अग्निवीरों के आश्रितों को मिलेगा 10 लाख रुपये तक अनुग्रह अनुदान

**PHOTON NEWS RANCHI :** गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में 44 प्रस्तावों पर चर्चा होने के बाद हरी झंडी दे दी गई। रांची के कल्याण विभाग के अंतर्गत आवासीय विद्यालय में छात्र बालों की वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में 16368 छात्र इन आवासीय विद्यालय में हैं। इसे बढ़ा कर 37 हजार तक किया जाएगा। वित्त विभाग के अंतर्गत पीएएमयू में प्रोग्राम डायरेक्टर और एडिशनल डायरेक्टर के पद का सृजन होगा। राज्य सरकार के पुराना वेतन ले रहे कर्मियों का महंगाई भत्ता 230 परसेंट से बढ़ाकर 239 परसेंट किया गया। इसका लाभ एक जुलाई 2024 से मिलेगा। अग्निवीर सैनिक की पत्नी और आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान 10 लाख और अनुकंपा पर नौकरी दी जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष डीके तिवारी की सेवा अगले 1 साल तक या 65 वर्ष आयु में जो पहले हो बढ़ाने की स्वीकृति दी गई।

- 39 लाख बिजली उपभोक्ताओं का माफ किया जाएगा बकाया
- आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या अब 16367 से बढ़कर होगी 37 हजार
- पुराना वेतन ले रहे सरकारी कर्मियों का 9 प्रतिशत बढ़ाया गया महंगाई भत्ता

### सहायक अध्यापक नियमावली में संशोधन

सहायक अध्यापक सेवा शर्त 2024 नियमावली में संशोधन किया गया। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में मेयर और नगर आयुक्त को प्रशासनिक और अनुशासनिक अधिकार उनके लिए दिया गया है और नगर परिषद नगर पंचायत में नगर अध्यक्ष या कार्यपालक पदाधिकारी को अधिकार दिया गया है। कोडरमा में मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए 42 पद का सृजन करने की स्वीकृति दी गई। इसमें सालाना 3.61 करोड रुपये खर्च आने की संभावना है। आर ओ वॉटर प्लांट के लिए नई पॉलिसी की भी मंजूरी दी गई। सदर अंचल चाईबासा में छठा अंचल के गठन की मंजूरी दी गई।

### नवगठित शहरी स्थानीय निकायों में नए पदों का सृजन

झारखंड राज्य के नवगठित शहरी स्थानीय नगर निकायों में आवश्यकता आधारित पदों का सृजन किया जाएगा। 2017 के बाद निकायों में पदों का सृजन किया जाएगा। नगर विकास विभाग ने इस आशय का प्रस्ताव तैयार किया जिस पर मंजूरी मिली। 6 नए नगर निकायों हरिहरगंज बरहरवा, महागामा, डोमचांच, बड़कीसरैया तथा धनवार नगर पंचायत में विभिन्न कार्यों के लिए 204 से अधिक पद सृजित होंगे। पांच नगर निगम गिरिडीह नगर निगम, हजारीबाग नगर निगम, चास नगर निगम, आदित्यपुर नगर निगम एवं मेदिनीनगर नगर निगम में अभी नगर आयुक्त का पद सृजित नहीं हैं। ऐसे में इन निकायों में एक-एक नगर आयुक्त के कुल पांच पद सृजित किए जाएंगे। इसके अलावा गिरिडीह व मेदिनीनगर नगर निगम में अपर नगर आयुक्त के पद भी सृजित किए जाएंगे।

## माछिल में दो, तंगधार में एक मारा गया

# कुपवाड़ा में जवानों ने 3 आतंकियों को किया ढेर

**AGENCY SRINAGAR :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना ने 3 आतंकियों को ढेर कर दिया है। इनमें दो घुसपैठिया टेररिस्ट माछिल और एक तंगधार में मारा गया। सेना ने बताया कि माछिल और तंगधार में 28-29 अगस्त की देर रात खराब मौसम के बीच संदिग्ध गतिविधि देखी गई। इसके बाद यहां सेना और पुलिस ने सर्चिंग शुरू की। इस दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई। तीसरा सर्च ऑपरेशन राजौरी में चल रहा है। यहां बुधवार को 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि 28 अगस्त की रात 9:30 बजे गांव खेरी मोहरा लाठी और दांथल इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान देर रात करीब 11:45 बजे आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। इंटेलिजेंस ने 27 अगस्त को आर्मी को जानकारी दी थी कि करना सेक्टर और माछिल सेक्टर के कुमकडी में घुसपैठ हो सकती है।

- तलाशी के दौरान देर रात करीब 11:45 बजे आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी
- दो जगहों पर संदिग्ध एक्टिविटी दिखी तो सुरक्षाबलों ने फायरिंग की
- जुलाई में मारे गए थे सात आतंकी

## 11:30 बजे राजभवन में ओथ दिलाएंगे राज्यपाल

# चम्पाई का इस्तीफा मंजूर, आज रामदास लेंगे मंत्री पद की शपथ

**PHOTON NEWS RANCHI :** बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने हेमंत सरकार में मंत्री रहे चम्पाई सोरेन का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। झामुमो ने उनकी मंत्री पद के लिए घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन का नाम तय कर लिया है। शुक्रवार को वह मंत्री पद की शपथ लेंगे। इसका प्रस्ताव राजभवन को भेज दिया गया है। उन्हें 11:30 बजे राजभवन में राज्यपाल मंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। रामदास सोरेन

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के विधायक हैं। इसके अलावा वह पूर्वी सिंहभूम से झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह साल 2009 में भी चुनाव जीत चुके हैं। पार्टी में वह चम्पाई सोरेन के बाद कोल्हान के दूसरे सबसे वरिष्ठ नेता हैं।

### अडाणी फैमिली देश में बना सबसे अमीर, अंबानी को भी छोड़ दिया पीछे

**MUMBAI :** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी और उनके परिवार की कुल संपत्ति एक साल में 95 प्रतिशत बढ़कर 11.62 लाख करोड़ रुपये हो गई। अडाणी परिवार ने अपनी टोटल वेल्थ में पिछले एक साल में 5,65,503 करोड़ रुपये का इजाफा किया है। अडाणी फैमिली ने अंबानी परिवार को पीछे छोड़कर देश की सबसे धनवान फैमिली बन गई है। अंबानी परिवार की संपत्ति 10.15 लाख करोड़ रुपये है। एक साल में इसमें 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के मुताबिक, 'हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद भी गौतम अडानी एंड फैमिली ने पिछले साल की तुलना में संपत्ति में 95 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की।

## रूफ टॉप बार व रेस्टोरेंट के संचालन पर हाईकोर्ट ने जताई सख्त नाराजगी

# पूछा- यह बिल्डिंग प्लान नियमावली का उल्लंघन तो नहीं

**PHOTON NEWS RANCHI :** गुरुवार को हाईकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री एवं पर रोकथाम को लेकर कोर्ट के स्वत संज्ञान के साथ-साथ रांची में मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थाओं के नजदीक बार के संचालन के खिलाफ लेकर दायर अनुराग कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई की। दरअसल खूंटी में अफीम की फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस पर कोर्ट में सुनवाई हुई। रांची नगर निगम से कोर्ट ने पूछा, रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट का संचालन कहां तक उचित है, बिल्डिंग प्लान का उल्लंघन तो नहीं है। यह भी पूछा कि शहर के बार एवं रेस्टोरेंट में पार्किंग की सुविधा के लिए क्या पहल की गई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि रांची में अधिक संख्या में रूफ टॉप बार रेस्टोरेंट चल रहे हैं, इन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। यह भी बताया गया कि रांची के हरमू रोड स्थित काव्स रेस्टोरेंट के पास पार्क में गांजा एवं अफीम की बिक्री होती है। कोर्ट ने रांची एसएसपी को इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## हरमू स्थित पार्क में गांजा-अफीम की बिक्री पर रांची एसएसपी करें कार्रवाई

### पुलिस की एसओपी पर दिया गया सुझाव

इससे पहले एमिकस कुमार वैभव की ओर से बार एवं रेस्टोरेंट के साथ-साथ गांजा, अफीम जैसे मादक पदार्थ की बिक्री रोकने को लेकर पुलिस की एसओपी पर सुझाव दिया गया। इस पर महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि सुझाव पर राज्य सरकार विचार करते हुए आगे कदम उठाएगी। सुनवाई के दौरान रांची में मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थाओं के निकट खुदरा शराब दुकान चलने एवं बार के संचालक पर सवाल उठाया गया, जिस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि उत्पाद विभाग के एसओपी में इन बिंदुओं पर फोकस रखें, जिससे मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास शराब दुकान एवं बार का संचालन ना हो।

## नेवी प्रमुख ने प्रभावी जंग और सामंजस्य के लिए डिविजनल सिस्टम का समझाया महत्व

# समुद्री युद्ध के लिए प्रोफेशनल ट्रेनिंग अत्यंत आवश्यक

**AGENCY NEW DELHI :** देश के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने दक्षिणी कमान के अपने पहले दौरे के दूसरे दिन समुद्री युद्ध की तत्परता और सफल संचालन के प्रमुख निर्धारक के रूप में प्रोफेशनल ट्रेनिंग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण पेशेवर प्रशिक्षण देकर मित्रवत विदेशी नौसेनाओं के साथ मैत्री के पुल बनाने में प्रशिक्षण कमान के योगदान को भी रेखांकित किया। संगठन के भीतर प्रभावी युद्ध और सामंजस्य के लिए डिविजनल सिस्टम की ताकत पर भी प्रकाश डाला। नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभालने के बाद एडमिरल त्रिपाठी दक्षिणी नौसेना कमान (एसएनसी) की पहली यात्रा पर कोच्चि पहुंचे थे। उन्हें कोच्चि में आईएनएस गरुड़ पर औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके साथ नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) की अध्यक्ष शशि त्रिपाठी भी कोच्चि दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन उन्होंने कोच्चि और एसएनसी की विभिन्न इकाइयों में अधिकारियों से बातचीत की।

## मित्रवत विदेशी नौसेनाओं के साथ प्रशिक्षण कमान के योगदान को किया रेखांकित

### नेवी की पेशेवर भूमिका को सराहा

सीएनएस ने गुणवत्तापूर्ण पेशेवर प्रशिक्षण देकर मित्रवत विदेशी नौसेनाओं के साथ मैत्री के पुल बनाने में प्रशिक्षण कमान के योगदान को भी रेखांकित करते हुए वांछित उद्देश्य हासिल करने के लिए कार्यों के पीछे गहरी समझ और उद्देश्य की दिशा में हम क्यों कर रहे हैं, हम क्या कर रहे हैं के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने संगठन के भीतर प्रभावी युद्ध और सामंजस्य के लिए डिविजनल सिस्टम की ताकत को विस्तार से समझाया।

### अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आग्रह

नौसेना प्रमुख ने सभी कर्मियों से नौसेना और राष्ट्र की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आग्रह किया। उन्होंने सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को अपनाने का आह्वान किया। नौसेना की परिचालन क्षमताओं को मजबूत करने के लिए मजबूत सुरक्षा संस्कृति और सुरक्षा संगठन बनाए रखने की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। सीएनएस ने हर समय एक लड़ाकू तैयार, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार बल होने की आवश्यकता को दोहराया, जिससे क्षेत्र में पसंदीदा सुरक्षा भागीदार की भूमिका बनी रहे। नौसेना प्रमुख ने पहले दिन दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास के साथ बातचीत की। उन्हें कमान की ओर से विभिन्न प्रशिक्षण, परिचालन, बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक गतिविधियों में हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी गई। भारतीय नौसेना की एक प्रशिक्षण कमान होने के नाते उन्हें विभिन्न प्रशिक्षण सुविधाओं और आधुनिकीकरण परियोजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। नौसेना प्रमुख ने विभिन्न मुद्दों पर हुई प्रगति पर कमान के प्रयासों को सराहा।

### महिलाओं के साथ किसी तरह का अन्याय असहनीय और पीड़ादायक : खड़गे

**NEW DELHI :** गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिलाओं के साथ किसी तरह के अन्याय को असहनीय और पीड़ादायक है। कहा कि संविधान ने महिलाओं को बराबरी का स्थान दिया है। महिलाओं के खिलाफ अपराध एक गंभीर मुद्दा है। इन अपराधों को रोकना देश के लिए बड़ी चुनौती है। हम सबको एकजुट होकर समाज के हर तबके को साथ लेकर इसके उपाय तलाशने होंगे। खड़गे ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा है कि देश में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 43 अपराध रिकॉर्ड होते हैं। हर दिन 22 अपराध ऐसे हैं, जो हमारे देश के सबसे कमजोर दलित-आदिवासी वर्ग की महिलाओं व बच्चों के खिलाफ दर्ज होते हैं।

## जांच एजेंसी ने कई कागजात खंगाले

# पूर्व मंत्री के करीबी हाकिम के घर सीबीआई का छापा

**PHOTON NEWS PAKUR :** पूर्व मंत्री आलमगीर के करीबी हाकिम मोमिन के घर पर सीबीआई की टीम ने छापेमारी की। सीबीआई की टीम गुरुवार को पाकुड़ शहर स्थित हाकिम के घर पर पहुंचकर कागजात की जांच की। आलमगीर के करीबी हाकिम के बारे में सनसनीखेज जानकारी सामने आया है। हाकिम, जिसके पास वर्ष 2020 में पांच हाइवा हुआ करता था, आज की तारीख में उसके नाम से 107 हाइवा व जेसीबी है। वर्ष 2020 वही साल है, जब आलमगीर का ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री होने का सफर शुरू हुआ था। हाकिम की

तरक्की इतनी तेजी से कैसे हुई, यह समझना ज्यादा मुश्किल काम नहीं है। इन गाड़ियों की अनुमानित कीमत करीब 100 करोड़ है। हाकिम ने सभी वाहनों की रजिस्ट्रेशन पाकुड़ से ही कराया है। हाकिम के नाम से गाड़ियां होने के दस्तावेज लगातार न्यूज नेटवर्क के पास उपलब्ध है। जानकारी के मुताबिक, हाकिम ने 107 वाहनों को खरीदने के लिए अलग-अलग बैंकों से लोन लिया है।

# राजनगर के झोलाछाप डॉक्टर का अपहरण कर कोवाली में की हत्या

## हथियार के साथ दो गिरफ्तार, 20 लाख फिरौती मांगने की फिराक में थे अपराधी

- डॉक्टर ने पहचान लिया इसलिए कर दी हत्या
- ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने से रोका

घटनास्थल पर जुटे लोग व इनसेट में डॉक्टर की फाइल फोटो

**PHOTON NEWS JSR:** सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर थाना अंतर्गत सिजुलता निवासी बृहस्पति मंडल (57) का गुरुवार को फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या कर दी गई। अपहरणकताओं ने कोवाली में बृहस्पति की हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया। हालांकि, सरायकेला-खरसावां और जमशेदपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। गिरफ्तार आरोपियों में राजनगर के ओढ़ागुडु निवासी चंदन गोप और जमशेदपुर के सुंदरनगर निवासी रोहित कुमार सिंह शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक हथियार और घटना में प्रयुक्त कार जब्त कर ली है। इधर, घटना के बाद राजनगर पुलिस शव को जब्त करने मौके पर पहुंची पर ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने से रोक दिया।

**सरायकेला और जमशेदपुर पुलिस ने अभियान चलाकर पकड़ा :** मृतक बृहस्पति मंडल का राजनगर के पियालडीह में मंडल क्लीनिक नाम से डेंटल क्लिनिक है। क्लीनिक में उनके बेटे भास्कर मंडल बैठते हैं,जबकि बृहस्पति मंडल क्लीनिक में बेटे का हाथ बंटाते थे। गुरुवार सुबह 9.30 बजे बृहस्पति मंडल अपने घर से क्लीनिक जाने के लिए निकले थे। इसी बीच कार से आए चंदन, रोहित और एक ने युवक ने हथियार दिखाकर बृहस्पति का अपहरण कर अपनी कार में बिठाया। इसी बीच पुलिस को खबर मिली। सरायकेला पुलिस ने जमशेदपुर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से अभियान चलाकर जांच अभियान चलाया। पुलिस को देखकर आरोपी कार लेकर कोवाली से पोटका की ओर भागे पर रास्ते में ही पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया पर उससे पहले ही बृहस्पति की हत्या कर दी गई।

**कार मैकेनिक का काम करता था चंदन :** चंदन ने पुलिस को बताया कि वह बृहस्पति मंडल के घर के पास ही रहता है, इसलिए वह बृहस्पति मंडल को जानता है। वह सुंदरनगर में कार मैकेनिक का काम करता था। दो माह पूर्व रोहित उसके पास कार बनवाने आया था,जहां दोनों के बीच पहचान बढ़ी। इसके बाद दोनों ने अपहरण का प्लान बनाया था।

### गमछे से गला घोंटकर मार दिया

पूछताछ में चंदन ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पूर्व ही उसने साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर फिरौती की मांग करने का प्लान बनाया था। कार रोहित सिंह की थी। सभी 20 लाख फिरौती मांगकर आपस में बांटने वाले थे। अपहरण कर कोवाली के हरिना मंदिर में छिपने वाले थे। फिरौती की रकम मिलने के बाद बृहस्पति को छोड़ देते। सभी ने कार में बृहस्पति के साथ मारपीट का एक वीडियो भी बनाया। इसी बीच बृहस्पति ने उन्हें पहचान लिया। पहचान उजागर हो जाने के डर से गमछा से गला घोंटकर हत्या कर दी।

दुर्घटनास्थल पर सड़क जाम करते ग्रामीण ● फोटोन न्यूज

# बालू लदे डंपर से कुचल कर बाइक सवार युवक की मौत, किया रोड जाम

**PHOTON NEWS SARAIKELA:** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में तिरूलडीह मिलन चौक पर सोड़ो मोड़ के पास बालू से लदे डंपर ने बाइक को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। इस घटना में पश्चिम बंगाल के बाघमुंडी थाना क्षेत्र के सींदरी निवासी 12 वर्षीय सुनील महतो के पिता सपन महतो और 9 वर्षीय बहन पद्मा महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को मिलन चौक स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इसके बाद वहां स्थानीय लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। सभी बाइक पर सवार होकर सोनाहातु के गाड़ाडीह से अपने घर सींदरी जा रहे थे। इसी दौरान सोड़ो मोड़ के पास आजसू पार्टी के नेता हरेलाल महतो की कंपनी एचएलएम इंटरप्राइजेज का डंपर बाइक पर चढ़ गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे और तिरूलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराने के प्रयास में लग गए। ग्रामीणों ने करीब 3 घंटे तक सड़क पर हंगामा किया, जिसमें उन्होंने एचएलएम इंटरप्राइजेज द्वारा ओवरलोड बालू के परिवहन को बंद कराने, मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। पुलिस के पहुंचने पर आक्रोशित लोगों ने प्रशासन और एचएलएम इंटरप्राइजेज के खिलाफ नारेबाजी की और मुआवजा दिए बिना शव को उठाने का विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप है कि वैध बालू डंपिंग की आड़ में एचएलएम इंटरप्राइजेज अवैध रूप से ओवरलोड बालू का कारोबार करती है, जिसमें बालू को तिरपाल से ढंका भी नहीं जाता। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

# अधिवक्ता के मौत मामले में एसएसपी से मिले अधिवक्ता

एसएसपी कार्यालय पहुंचे अधिवक्ता ● फोटोन न्यूज

**JAMSHEDPUR :** राजस्थान के जयपुर में अधिवक्ता प्रवीण कुमार दुबे की मौके के मामले में गुरुवार को जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रथींद्रनाथ दास के नेतृत्व में एसएसपी से मिलने पहुंचा। इस दौरान एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की उचित जांच करने का आग्रह किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने खुद को न्यायिक कार्य से अलग रखा। ज्ञापन में बताया गया कि 28 अगस्त को सुबह तीन बजे जयपुर के एक होटल में प्रवीण दुबे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। यह अस्वाभाविक मौत का मामला प्रतीत नहीं होता है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि जयपुर पुलिस इस मामले की उचित जांच करे। एसएसपी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे जयपुर के एसएसपी से बात कर इस बात को रखेंगे। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव कुमार राजेश रंजन, अधिवक्ता अजय सिंह राठौड़, संयुक्त सचिव विनीता सिंह, संजीव रंजन बरियार सहित लगभग 200 अधिवक्ता थे।

## तेज बहाव में बहे युवक का दो दिन बाद बोड़दा नदी में मिला शव

**CHAKRADHARPUR :** चक्रधरपुर के बंगलाटांड़ स्थित विंजय नदी में नहाने के दौरान नदी के तेज बहाव में बहने वाले युवक मो. अशरफ का शव गुरुवार को दो दिन बाद चक्रधरपुर के बोड़दा नदी स्थित पुल के समीप झाड़ियों में मिला। नदी में बहने वाले 22 वर्षीय युवक की खोजबीन के लिए स्थानीय लोग दो दिन से जुटे हुए थे। वहीं एनडीआरएफ टीम को भी सूचना दी गई थी। इसी क्रम में गुरुवार को जब बंगलाटांड़ के कुछ युवक बोड़दा पुल के समीप नदी के आसपास खोजबीन कर रहे थे, तो नदी किनारे झाड़ियों में फंसा मो. अशरफ का शव देखा। इसके बाद इसकी सूचना मृतक के परिजनों व बंगलाटांड़ स्थित लोगों को दी। वहीं परिजनों की मौजूदगी में शव को नदी से बाहर निकाला गया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

# सांप को गले में लपेटकर घूम रहा था अधेड़, दम घुटने से हो गई मौत

**PHOTON NEWS JSR:** शहर में गुरुवार को एक अजीब घटना सामने आई। आमतौर पर लोग सर्पदंश से मरते हैं, लेकिन यहां एक अजगर सांप एक अधेड़ के गले में इस तरह लिपट गया कि व्यक्ति की दम घुटने से मौत हो गई। घटना मानगो थाना क्षेत्र के हीरा होटल के समीप की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह बोड़ाम थाना क्षेत्र के रपचा गांव निवासी हेमंत सिंह (55) अपने गले में अजगर सांप लटका कर घूम रहा था। वह लोगों को सांप दिखाकर पैसे मांग रहा था। इस दौरान वह नाच-गा भी रहा था। इसी बीच अजगर ने अपनी पकड़ मजबूत कर दी, जिससे हेमंत की मौके पर ही मौत हो गई। हेमंत तो मर गया, लेकिन सांप अगल- बगल विचरने लगा, जिससे आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना भाजपा नेता विकास सिंह को दी। सूचना पाते ही विकास सिंह मौके पर पहुंचे और सांप पकड़ने वाले चीकू कालिंदी को बुलाकर सांप पकड़वाया। सांप पकड़कर वन विभाग को सौंप दिया गया।

घटनास्थल पर पड़ा शव

### बकरी बेचने शहर आता था हेमंत

स्थानीय लोगों ने बताया कि हेमंत मानगो में कभी बकरी तो कभी पत्ता बेचने आया करता था। वह इसके पूर्व भी एक बार सांप का सिर लेकर घूम रहा था। गुरुवार को वह पत्ता बेचने तो आया, परंतु अपने गांव से झोले में सांप रख कर लाया। तभी वह सांप को गले में लपेटकर मस्ती करने लगा, जिसके बाद सांप ने उसे जोर से जकड़ लिया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में हेमंत के बेटे जगबंधु के बयान पर पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है।

## समाचार सार

### लायंस क्लब ने ग्रामीण बच्चों में बांटी खेल सामग्री

**JAMSHEDPUR :** राष्ट्रीय खेल दिवस पर लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर के सदस्य गुरुवार को पोटका गए थे, जहां उन्होंने मध्य विद्यालय खैरपाल (उड़िया स्कूल) में बच्चों के बीच खेल सामग्री बांटी। स्कूली बच्चों को फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, चेस बोर्ड व गोटी और इसके साथ पांच डस्टबिन भी दिए गए। इस दौरान विधायक संजीव सरदार ने टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा निर्मित दो कमरों का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय केशरी लायंस क्लब के शशि गाडिया, माहरुख मेहता, पूरबी घोष, मदन केशरी, शिवशंकर गाडिया, केटी मालेगमवाला, संजय केसरी, टीएसएफ से सौम्यदीप जाना आदि उपस्थित थे।

### आजसू का युवा बेरोजगार बायोडाटा अभियान शुरू

**JAMSHEDPUR :** आजसू जिला समिति की बैठक गुरुवार को टिनप्लेट स्थित काली मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने पार्टी द्वारा निर्देशित युवा बेरोजगार बायोडाटा संग्रह अभियान शुरू करने और पूर्वी सिंहभूम जिले के हर प्रखंड में हर पंचायत में हर चौक-चौराहे पर डाटा संग्रह कर पूर्वी सिंहभूम जिला से 40 हजार बेरोजगार युवाओं का डाटा कलेक्ट करने का संकल्प लिया।

### पंचायत स्तर पर खुलेगा विधिक सेवा सहायता केंद्र

**CHAIBASA :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार चाईबासा द्वारा पंचायत स्तर पर विधिक सेवा सहायता केंद्र खोलने के प्रयास किया जा रहे हैं। प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने इस संबंध में अर्ध विधिक स्वयंसेवकों (पीएलवी) के साथ एक बैठक कर पंचायत स्तर पर वैसे स्थानो को चिह्नित करने का निर्देश दिया, जहां ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें।

### एमबीएनएस में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला

**JAMSHEDPUR :** एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के एनएसएस सेल की ओर से गुरुवार को आपदा प्रबंधन पर कौशल विकास कार्यशाला हुई, जिसमें छात्रों को आपदा से निपटने के गुर सिखाए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि व प्रवक्ता के रूप मे पूर्व सैनिक भारतीय सेना के लांसनायक हरि प्रसाद सिंह ने आपदा के प्रकार और आपदा से खुद को बचाने के साथ कौशल विकास का तरीका और अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम मे प्राचार्या पिंकी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपिका भारती, भबतारण भकत, डॉली सिंह, मिली कुमारी, मधुसूदन महतो और सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# ई-विद्यावाहिनी में 81 प्रतिशत शिक्षक ही बना रहे हाजिरी, सभी बनाएं : डीडीसी

समाहरणालय सभागार में बैठक करते उपविकास आयुक्त मनीष कुमार

**PHOTON NEWS JSR:** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में गुरुवार को शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक हुई। उपविकास आयुक्त (डीडीसी) मनीष कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा के दौरान पाया गया कि 81 प्रतिशत शिक्षक द्वारा ही ई-विद्यावाहिनी में उपस्थिति दर्ज की जा रही है। निर्देश दिया गया कि शत-प्रतिशत शिक्षक प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करेंगे। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में शिक्षक की अनुपस्थिति अधिक पाई गई, निर्देश दिया गया कि पूर्व अनुमति लेकर ही शिक्षक अवकाश पर जाएंगे। इसके साथ ही ई- विद्यावाहिनी में मात्र 68% छात्रों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, निर्देश दिया गया कि सभी विद्यालयों को प्रतिदिन सभी बच्चों की बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करेंगे। बैठक में विद्यालयों में अब तक हुए बच्चों के कुल नामांकन, वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्कूलों को भेजे गए स्कूल अनुदान राशि का उपयोग, व्यय की स्थिति, वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्यार्थियों को देय छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण की अद्यतन स्थिति, विद्यार्थियों का बैंक खाता और आधार खाता सहित सूची, बैंक खाता के सत्यापन संबंधी प्रतिवेदन, मध्याह्न भोजन योजना (मिडडेमील) समेत अन्य विभागीय योजनाओं एवं आधारभूत संरचना निर्माण की आवश्यकताओं की समीक्षा की गई।

**उत्कृष्ट विद्यालयों में 3 दिन के अंदर पूर्ण करें नामांकन :** उपविकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में तीन दिनों के अंदर सभी सीटों पर नामांकन पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में सभी स्कूली बच्चों का आधार नंबर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा में पाया गया कि विद्यावाहिनी में 91% पुस्तक वितरण अंकित है।

## भुइयांडीह के घरों को तोड़ने के मामले पर 'आप' ने किया प्रदर्शन

**JAMSHEDPUR :** आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने भुइयांडीह के इंद्रानगर व छाया नगर के 150 घरों को तोड़ने की नोटिस पर आक्रोश व्यक्त किया। आप नेता अभिषेक कुमार के नेतृत्व में अंचल कार्यालय से मिली नोटिस के विरुद्ध प्रदर्शन में इंद्रानगर की महिलाएं भी शामिल थीं। इनका कहना था कि वे यहां 40-50 साल से रह रहे हैं। उन्हें सरकार द्वारा बिजली, पानी, पक्की सड़कें और शौचालय की सुविधा दी गई है। इनमें ज्यादातर लोग रोज कमाने-खाने वाले हैं। ऐसे में उनका घर तोड़ना हमारे लिए आत्महत्या करने के बराबर होगा।

# सोनुआ स्टेशन में फुटओवर ब्रिज के खंभे से टकराई मालगाड़ी

दुर्घटना के बाद पटरी ठीक करते रेलकर्मी

**CHAKRADHARPUR :** चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनुआ स्टेशन में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब अप लाइन में चल रही मालगाड़ी के एक वैगन का दरवाजा स्टेशन के फुटओवर ब्रिज के खंभे से टकरा गया। इस दौरान जोर की आवाज हुई। आवाज सुनकर लोको पायलट ने मालगाड़ी को रोका। इस घटना में एफओबी का पिलर क्षतिग्रस्त हो गया। इधर, घटना के बाद अप और डाउन लाइन में ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया। रेलवे के अधिकारियों ने थर्ड लाइन से ट्रेनों का परिचालन किया, जिससे कई ट्रेनें देर से चली।

### सुबह 9.45 की घटना

टाटानगर एआरएम अभिषेक सिंघल ने बताया कि सुबह मालगाड़ी सोनुआ स्टेशन को पार कर रही थी। मालगाड़ी के एक वैगन का दरवाजा खुला हुआ था, जो सुबह करीब 9.45 बजे पिलर से टकरा गया। घटना की जानकारी मिलते ही अप और डाउन लाइन में परिचालन को बंद कर दिया गया है। रेलवे के अधिकारी पिलर को ठीक करने में लगे हुए हैं। जल्द ही पिलर को ठीक कर परिचालन सामान्य कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसे लेकर जांच के आदेश दिए गए हैं।

### विश्व आत्महत्या निवारण दिवस पर कल से होगी विभिन्न प्रतियोगिता, छात्र करेंगे नुक्कड़ नाटक

# खेल-खेल में छात्र सीखेंगे तनाव से निपटने के गुर

- खूंटाडीह के आरएमएस स्कूल से होगी शुरुआत
- प्रतिभागियों से 25 अगस्त तक मांगा गया था आवेदन

बिष्टुपुर स्थित जीवन का कार्यालय ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JSR :** विश्व आत्महत्या निवारण दिवस (10 सितंबर) के उपलक्ष्य में आत्महत्या निवारण केंद्र 'जीवन' द्वारा 31 अगस्त से स्कूल-कॉलेज में कई गतिविधियां और प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। इसके अंतर्गत 31 अगस्त को खूंटाडीह, सोनारी स्थित आरएमएस स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता होगी। इस वर्ष का विषय 'आत्महत्या के बारे में व्याख्यान को बदलें-बातचीत शुरू करें' का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या, और आत्मघाती व्यवहार पर खुली चर्चा को प्रोत्साहित करना है, ताकि इन मुद्दों से जुड़े अपमान को कम किया जा सके। मुख्य कार्यक्रमों में से एक रैली है, जिसे स्कूलों और कॉलेजों में 3 सितंबर से 10 सितंबर के बीच आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। 6 से 8 प्रतिभागियों की टीमें इस वर्ष की थीम पर हिंदी में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करेंगी। प्रत्येक नाटक की अवधि अधिकतम तीन मिनट होगी और इसमें दो गाने शामिल होने चाहिए, जो जीवन के महत्व और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत शुरू करने के बारे में हों। इसके लिए स्कूलों को 25 अगस्त तक प्रतिभागियों के नाम जमा करना था। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे और प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कार वितरण वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे के कार्यक्रम के दौरान 10 सितंबर को किया जाएगा, जहां नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता की विजेता टीमें भी प्रदर्शन करेंगी।

### मानसिक स्वास्थ्य पर होगी पेंटिंग प्रतियोगिता

**टी-शर्ट पेंटिंग :** प्रतिभागी मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करने वाले नारे वाली टी-शर्ट डिजाइन करेंगे। जीवन टी-शर्ट प्रदान करेगा, लेकिन प्रतिभागियों को अपने पेंटिंग सामग्री खुद लानी होगी। प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी डिजाइन पूरी करने के लिए एक घंटा दिया जाएगा। वे अंग्रेजी या हिंदी में नारे लिख सकते हैं। स्कूलों को 25 अगस्त तक प्रतिभागियों के नाम जमा करने होंगे।

**वाद-विवाद प्रतियोगिता :** वाद-विवाद का विषय होगा ह्यशैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा की प्रभावशीलताह्न। टीमों में दो प्रतिभागी होंगे, एक प्रस्ताव के पक्ष में और दूसरा विपक्ष में बोलेंगे। वाद-विवाद अंग्रेजी या हिंदी में होगा, और प्रत्येक वक्ता को दो मिनट मिलेगा।

## ऑटो चालक ने 12 वर्षीय बच्ची के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**JAMSHEDPUR :** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित बारीडीह निवासी 12 वर्षीय विक्षिप्त बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार की है। हालांकि, मामले का खुलासा गुरुवार को उस वक्त हुआ, जब पीड़िता की बड़ी बहन ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी। इसके बाद आरोपी को पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी विजय मुर्मू बारीडीह बजरंग चौक का रहने वाला है। मंगलवार को वह घर पर आया था। बेटी घर पर अकेली थी। वह बेटी को अपने साथ बाहर ले गया। घर के बाहर एक कंडम कार खड़ी है। विजय ने बेटी के साथ कार में दुष्कर्म किया। इस बीच बड़ी बेटी ने उसे ऐसा करता देखा और भगा दिया। बड़ी बेटी ने सारी कहानी बताई जिसके बाद विजय को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर, पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है। जानकारी देते हुए पीड़िता की मां ने बताया कि वह अपनी तीन बेटी और एक बेटा के साथ रहती है। मंझली बेटी मानसिक रुप से विक्षिप्त है। आरोपी विजय ऑटो चालक है और पड़ोस में रहने वाली फुआ की बेटी से एकतरफा प्रेम करता है।

# टाटा स्टील गेट के सामने ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कंपनी गेट के सामने नारेबाजी करते मजदूर ● फोटोन न्यूज

**CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी स्थिति टाटा स्टील के बॉटम बीन गेट के सामने रोजगार समेत विभिन्न मांगों को लेकर जाम कर दिया। नोवामुंडी के महूदी और सरबिल के ग्रामीणों ने मुख्य गेट के समक्ष प्रदर्शन करने से लगभग 5 घंटे तक प्लांट का कामकाज ठप रहा। इस दौरान फर्स्ट शिफ्ट में ड्यूटी करने आए मजदूरों को बाहर में ही आंदोलन खत्म होने तक इंतजार करना पड़ा। इससे पूर्व भी ग्रामीणों द्वारा टाटा प्रबंधन को अल्टीमेटम दिया गया था, परंतु कंपनी द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने पर महूदी और सरबिल के मुंडा के नेतृत्व में ग्रामीणों और रैयतदारों द्वारा सुबह 5 बजे से गेट जाम कर दिया गया। इसके बाद कंपनी में हड़कंप मच गया। मुख्य प्रशासक दीपक श्रीवास्तव से वार्ता के बाद गेट जाम समाप्त हुआ।

# तेंदुए की खाल बेचने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार, राजस्थान का गिरोह शामिल

## पूर्व में पांच की हो चुकी है गिरफ्तारी, दूसरे राज्य के गिरोह से मिलती थी ट्रेनिंग

**PHOTON NEWS JSR :** जमशेदपुर वन प्रमंडल को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। वन विभाग की टीम ने बीते दिनों ही तेंदुए की खाल की तस्करी करने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। वन विभाग ने इसी मामले से जुड़े तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जाकिर हुसैन, दिनेश्वर सिंह और विजय यादव शामिल हैं। टीम ने सभी को डाल्टनगंज के बीहड़ इलाकों से गिरफ्तार किया। मंगलवार को वन विभाग ने मामले का खुलासा किया। डीएफओ सबा आलम अंसारी ने बताया कि पूर्व में वन विभाग ने तेंदुए की खाल के साथ अशोक विश्वकर्मा, श्याम कुजूर, सुरेश कुजूर, राज कुमार और विजय को गिरफ्तार किया था। उनसे मिली जानकारी के बाद आरएफओ दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर डाल्टनगंज में छापेमारी की गई। टीम ने तीन दिनों तक क्षेत्र में कैंप कर मुखबिरों की मदद से गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर जानवरों को पकड़ने वाला पिंजड़ा, हिरण की सींग समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं।

**राजस्थान के सिंगारा गिरोह से जुड़े तार :** डीएफओ ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी पलामू और आसपास के जंगलों में शिकार किया करते थे। इसके लिए राजस्थान के सिंगारा ग्रुप द्वारा इन्हें ट्रेनिंग दी जाती थी कि किस तरह जानवरों को पकड़ा जाए और उनके क्षेत्र को ढूंढा जाए। यह गिरोह बीते 10 सालों से क्षेत्र में सक्रिय होकर शिकार करता था। अब तक कई जानवरों का शिकार कर चुके हैं।

तस्करी मामले की जानकारी देते वन विभाग के पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

### अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़े होने की आशंका

आरएफओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद यह भी संभावना जताई जा रही है कि यह गिरोह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करता है। हालांकि, इसका खुलासा राजस्थान के सिंगारा गिरोह के पकड़ाने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल टीम राजस्थान जाकर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी करेगी।

## लूटी गई रकम के साथ एक अपराधी गिरफ्तार, दो फरार

**GIRIDIH :** गिरिडीह मुफ्फसिल थाना पुलिस ने गुरुवार को लूटी गई रकम और जेवर के साथ पेशेवर अपराधी हनीफ अंसारी को गिरफ्तार किया है। हनीफ अंसारी जिले के गांडेय थाना इलाके के फुलजोरी का रहने वाला है। हनीफ के पास से पुलिस ने लूटे गए चार लाख 84 हजार नकद और करीब 70 हजार का सोने और चांदी का जेवर बरामद किया है। एसडीपीओ बिनोद रवानी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि हनीफ 23 अगस्त को मुफ्फसिल थाना के झरियागादी गांव निवासी अजीम अंसारी के घर पहुंचा और अजीम के बेटे इम्तियाज का नाम लेते हुए घर का में गेट खुलवाया। इस दौरान जब अजीम अंसारी ने गेट खोलते ही दो अन्य साथियों ने अजीम अंसारी परिवार के सदस्यों को हथियार के बल पर अपने कब्जे में कर लिया। सबों को घर के एक कमरे में बंद कर दूसरे कमरे में रखे बक्से में नगद 4 लाख 84 हजार के साथ 70 हजार का जेवर लूट लिया।

# मेडिकल कॉलेज में महिला कर्मचारी से छेड़खानी, प्रबंधन से शिकायत

## बायोकेमेस्ट्री के लैब टेक्नीशियन अमरेंद्र कुमार पर लगाया आरोप

**DHANBAD :** धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में गुरुवार को महिला कर्मचारी से छेड़खानी का मामला सामने आया है। मेडिकल कॉलेज के बायोकेमेस्ट्री विभाग में कार्यरत सरकारी लैब टेक्नीशियन अमरेंद्र कुमार सिंह पर यहीं काम करने वाली आउटसोर्सिंग महिला कर्मचारी ने छेड़खानी और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ज्योति रंजन प्रसाद से की है। पीड़िता ने बताया कि अमरेंद्र कुमार सिंह लगातार काम के दौरान गलत नीयत रखता था। अक्सर छेड़खानी और दुर्व्यवहार करता रहता है। इस परिस्थिति में वह काम नहीं कर सकती है और अमरेंद्र पर कार्रवाई की मांग की है।

**कॉलेज प्रबंधन ने शुरू की जांच :** पीड़ित महिला कर्मचारी की शिकायत के बाद कॉलेज प्रबंधन हरकत में आ गया है। कॉलेज प्रबंधन इस मामले पर बैठक कर-के आगे की रणनीति बना रही है।

### साक्षात्कार के दौरान डॉक्टर ने महिला डायटीशियन से की अश्लील बातें, बवाल

**DHANBAD :** नावाडीह के बिनोद बिहारी चौक स्थित अलकारी देवी अस्पताल में डॉक्टर पर महिला डायटीशियन से साक्षात्कार के दौरान अश्लील बात करने का आरोप लगा है। न्याय की मांग को लेकर महिला डायटीशियन ने पुलिस और जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। डायटीशियन ने बताया कि उसने हैदराबाद से डायटीशियन का कोर्स किया है। 24 अगस्त को साक्षात्कार के लिए अलकारी देवी अस्पताल में बुलाया गया था। अस्पताल के संचालक डॉ. मनीष कुमार अकेले अपने कमरे में साक्षात्कार ले रहे थे। साक्षात्कार के दौरान तो पहले उन्होंने पढ़ाई- लिखाई से संबंधित सवाल पूछे। धीरे-धीरे उन्होंने अश्लील बातें शुरू कर दी। कई गंदी-गंदी बातें वह करने लगे। इससे वह काफी असहज हो गई। और काफी तनाव में भी आ गई।

**घर वालों को बताने पर हुआ बवाल :** डायटीशियन के भाई ने पत्रकारों को बताया कि घर में बहन आकर काफी गुमसुम हो गई, जब पूछा गया, तब उसने पूरी घटना बताई। इसके बाद सभी लोग अलकारी देवी अस्पताल गए। यहां डॉ. मनीष का व्यवहार काफी खराब रहा। अब तक घर वाले जिला प्रशासन और पुलिस का सहारा ले रहे हैं।

**आरोप गलत : डॉ. मनीष**

इधर अलकारी देवी अस्पताल के संचालक डॉ. मनीष ने बताया है कि डायटीशियन ने गलत आरोप लगाया है। मेरे यहां सीसीटीवी लगा है। इसकी जांच पड़ताल की जा सकती है।

# जिले के चेकपोस्ट पर ढिलाई से अवैध बालू परिवहन में वृद्धि

**HAZARIBAG :** जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक गुरुवार को उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में उपायुक्त ने बताया कि जिलास्तर पर बने कुल 9 अस्थायी चेकपोस्ट का सुचारू रूप से क्रियान्वयन न होने के कारण बालू से लदे वाहनों के परिचालन में वृद्धि हुई है। बड़कागांव, कटकमदाग, सदर, बरकट्ठा, कटकमसांडी, पेलावल आदि से अवैध परिवहन की सूचनाएं दैनिक समाचार पत्रों, स्थानीय प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तर से लगातार प्राप्त हो रही हैं. जिसकी रोकथाम जरूरी है। विशेष शाखा, झारखंड, रांची से प्राप्त पत्र के अनुसार बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से बालू उठाव कर कटकमदाग होते हुए बालू परिवहन का मामला प्रतिवेदित किया गया है। चौपारण थानांतर्गत क्षेत्रों से भी नदियों से स्थानीय मिलीभगत कर बालू के अवैध परिवहन का मामला की जानकारी के आधार पर स्थानीय प्रशासन व पुलिस को टीम गठित कर नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे गतिविधियों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। खनन विभाग द्वारा बड़कागांव, चुरचू, विष्णुगढ़, चरही आदि क्षेत्रों से कोयला के अवैध खनन, परिवहन के संदर्भ में उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी खनिज से लदे वाहनों को ओवरलोड के मामले में पकड़े गए वाहनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।

समाहरणालय सभागार में बैठक को संबोधित करतीं उपायुक्त नैन्सी सहाय

## डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं में तेजी लाएं : उपायुक्त

**HAZARIBAG :** डीएमएफटी द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक गुरुवार को उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभाकक्ष में हुई बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग के बर्न यूनिट का उन्नयन निर्माण कार्य,लेबर रूम तथा ट्रॉमा सेंटर का उन्नयन, आयुष भवन का उन्नयन, कैंटीन भवन का उन्नयन, जिला यक्ष्मा भवन का उन्नयन, अस्पताल परिसर में मरीजों, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर आदि के आगमन के लिए विविध पाथवे का निर्माण, रूटीन इम्यूनाइजेशन सेंटर का उन्नयन निर्माण कार्य आदि पर चर्चा हुई। पंचकर्म प्रशिक्षण सह सेवा केंद्र भवन का चारदीवारी एवं अन्य निर्माण कार्य के लिए कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल द्वारा निर्माण कार्य हेतु दिए गए प्राक्कलन राशि 56 लाख 65 हजार 300 रु पर विचार विमर्श किया गया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू में चिकित्सक एवं पारा चिकित्सा कर्मियों के आवासन को भवन निर्माण के लिए प्राप्त 1 करोड़ 62 लाख 76 हजार 200 रुपये की प्राक्कलित राशि पर विचार विमर्श किया गया।

# बिजली तार चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश, दो लोग गिरफ्तार

## आठ क्विंटल चोरी के अल्युमीनियम तार और अन्य सामान बरामद

**KHUNTI :** हाईटेंशन विद्युत अल्युमीनियम तार की चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का पदार्फाश करते हुए तोरपा थाना की पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास सें लगभग 800 किलोग्राम हाईटेंशन बिजली का अल्युमीनियम तार बरामद किया गया हे। पकड़े गये दोनों आरोपितों में मधुकम रांची निवासी गणेश कुमार और मधुकम, महुआ टोली रांची सिकंदर सिंह शामिल हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि खूंटी के पुलिस कप्तान अमन कुमार को बुधवार को गुप्त सूचना मिली कि एक अंतर जिला गिरोह कमाडारा की ओर से हाईटेंशन बिजली के अल्युमीनियम तार की चोरी कर छोटे वाहन से खूंटी की ओर ले जानेवाला है। सूचना के सत्यापन और विधि सम्मत कार्रवाई करने के लिए एसपी के निर्देश पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम में तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय और अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने गुरुवार को सुबह पौने पांच बजे तोरपा थाना क्षेत्र के दियांकेल गांव के पास से एक मारुति सुजुकी सुपर कैरी माल वाहक गाड़ी नंबर जेएच 01 डीपी 2159 जो तिरपाल से ढका हुआ था, सड़क किनारे खड़ा पाया। पीसीआर गाड़ी को देखकर वाहन पर सवार लोग गाड़ी लेकर भागने लगे। संदेह होने पर थाना प्रभारी तोरपा और पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए उक्त गाड़ी का पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया गया।

चोरी मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

वाहन पर दो लड़के सवार थे। चालक सीट पर बैठे व्यक्ति से पूछने पर उसने अपना नाम गणेश कुमार ग्राम मधुकम छोटानागपुर स्कूल के पास थाना सुखदेव नगर, जिला रांची बताया।

## खेल में साधन और साधना दोनों समाहित है : कुलपति

**DHANBAD :** खेल में साधन और साधना दोनों समाहित है। खेल एक आदर्श जीवन के लिए भी जरूरी है। यह अनुशासन सिखाती है। यह बातें बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति डॉ. रामकुमार सिंह ने गुरुवार को कहीं। राष्ट्रीय खेल दिवस पर विश्वविद्यालय में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया था।

इस दौरान कुलपति ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जीवनी साझा की। इससे पूर्व मेजर ध्यानचंद और बिनोद बिहारी महतो की तस्वीर पर कुलपति डॉ. सिंह, प्रतिकुलपति डॉ. पवन कुमार पोद्दार समेत सभी शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद विश्वविद्यालय परिसर में ही दौड़ का आयोजन हुआ।

# धनबाद की नदी में डूबा बिहार के राजगीर का युवक, दो साथी बचे

**DHANBAD :** झारखंड के धनबाद जिले में स्नान करने के दौरान बिहार के राजगीर का युवक डूब गया, जबकि उसके दो साथी डूबने से बच गए। यह घटना निरसा स्थित नयाडांगा काली मंदिर के समीप की है। वहां खुदिया नदी के सातघटिया घाट पर स्नान के दौरान बिहार के राजगीर का रहने वाला 25 वर्षीय सचिन यादव डूब गया। इस दौरान उसके साथ स्नान कर रहे उसके दो साथियों ने उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगाई, लेकिन नदी की तेज धार में वे भी डूबने लगे। दोनों ने किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन सचिन का कोई अता पता नहीं चल रहा है। घटना की सूचना पाकर निरसा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और डूबे युवक को खोजने का प्रयास कर रही है।

घटनास्थल पर जुटी भीड़ ● फोटोन न्यूज

**कारोबार के सिलसिले में कोलकाता से आए थे युवक :** इस संबंध में सचिन के साथ स्नान कर रहे उसके गांव के रिश्ते के चाचा अरविंद यादव एवं संतोष कुमार ने बताया हमलोग कोलकाता से बिस्कुट लोड कर बरकट्ठा जा रहे थे। रात्रि में हम लोग निरसा के गुरुदास नगर में रुके थे। गुरुवार की सुबह नदी में स्नान कर हम लोग ट्रक लेकर बरकट्ठा के लिए निकलने वाले थे। तभी नदी में स्नान करने के दौरान अचानक सचिन पानी के तेज बहाव में बहने लगा। हम लोग उसे बचाने के लिए नदी में कूदे। परंतु नदी की तेज धार और भंवर में हमलोग भी डूबने लगे। किसी तरह भाग कर हमने अपनी जान बचाई।

## हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**LOHARDAGA :** पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सेमरडीह निवासी उदित उरांव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। एसपी हरीश बिन जमा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सेमरडीह गांव निवासी उदित उरांव के पास अवैध हथियार है। मामले को लेकर एसपी द्वारा छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी टीम ने उदित उरांव के घर की तलाशी ली तो उसके सोने वाले कमरे में रखे टेबल के अंदर एक देसी कट्टा पाया गया। छापामारी दल द्वारा उदित उरांव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।

## बाइक की डिक्की तोड़कर लाखों के जेवर लेकर उचक्के फरार

**PALAMU :** जिले के सतबरवा के अंसार मुहल्ले में स्थित साक्षी ज्वेलर्स सह बर्तन दुकान पर पार्क की गयी बाइक की डिक्की तोड़कर लाखों रुपए के जेवर लेकर उचक्के बुधवार रात फरार हो गए। दुकान मालिक ज्वेलरी डिक्की में रखकर एक व्यक्ति से मिलने गया था। एनएच 75 रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर घटना होने से लोगों में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलने पर सहायक अवर निरीक्षक राजीव रंजन (टू) बसंत दुबे एवं राजीव रंजन (वन) पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन प्रारंभ कर दी है। बताया जाता है कि दुकान संचालक सह मालिक बजरंगी सोनी दुकान बढ़ाने की तैयारी में था। उसने हर दिन की तरह दुकान से जेवर निकालकर अपनी बाइक की डिक्की में रखा था एवं सड़क की दूसरी छोर पर एक व्यक्ति से मिलने गया हुआ था। अगल-बगल की दुकानें खुली हुई थीं। दुकानदार के अनुसार मुश्किल से दो मिनट के लिए सड़क के उस पार जाने के बाद लौटने पर देखा कि उसकी बाइक की डिक्की का ताला टूटा हुआ है। डिक्की में रखा जेवर गायब पाकर उसके होश उड़ गए और वह बदहवासी में इधर-उधर खोजने के लिए दौड़ने लगा। ग्रामीणों ने बताया कि बजरंगी सोनी बड़ी मुश्किल से उधर लाकर जेवर बेचने का काम करता था।

घटनास्थल पर हंगामा करते लोग

## सिपाही बहाली दौड़ में 28 अभ्यर्थी हुए बेहोश

**GIRIDIH :** सरकारी नौकरी की प्रतिस्पर्धा में हर युवा सफल होने के लिए काफी मेहनत करता है। इन दिनों उत्पाद विभाग के सिपाही बहाली को लेकर युवा वर्ग में काफी उत्साहित है। रोजना बड़े पैमाने पर गिरिडीह के न्यू पुलिस लाइन में 10 किलोमीटर का दौड़ भी लगा रहे हैं। लेकिन दौड़ने के क्रम युवा बीच रास्ते में गिर रहे है। गुरुवार को न्यू पुलिस लाइन में बहाली प्रक्रिया में दौड़ने के क्रम में एक साथ 28 युवा गिर कर बेहोश हो गए। बेहोश हुए युवाओं को आनन फानन में एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टर के देखरेख में सभी अभ्यर्थियों का इलाज किया जा रहा है। बेहोश हुए अभ्यर्थियों में कोडरमा के विजय यादव, पलामू के सुहैल अख्तर, पचंबा के सचिन वर्मा, औरंगाबाद के अंकित कुमार, धनबाद के सिंदरी के प्रकाश विश्वकर्मा, धनबाद के विशाल महतो, अरवल के रंजन कुमार, मुफ्फसिल थाना इलाके के कोईमारा के दिनेश तुरी, पलामू के प्रभु कुमार, लोहरदगा के प्रमोद उरांव, धनबाद के चिंतामणी मंडल, देवघर के घाघी निवासी गुड्डू कुमार, कोडरमा के पूर्णा नगर निवासी आनंद कुमार, धनबाद के अभिषेक उपाध्याय समेत अन्य अभ्यर्थी शामिल है।

### शिविर में ही लाभुकों के बीच ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों और सरकारी लाभों का होगा वितरण

# आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार का शिविर आज से

**PHOTON NEWS HAZARIBAG:** मुख्य सचिव, झारखंड के निर्देश पर जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 30 अगस्त से शिविर लगाए जाएंगे। विभिन्न पंचायतों और नगर निगम क्षेत्र में शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। सभी पंचायतों में शिविर लगाने को लेकर जिलास्तर से तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। जिले के विभिन्न पंचायतों में शिविरों के आयोजन की तिथि की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। शिविर का आयोजन 30 अगस्त से 15 सितंबर तक लगाने का निर्णय लिया गया है। वहीं सभी प्रखंडों के लिए वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। शिविरों में आम जनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी और आवेदन लिए जाएंगे। आवेदनों का त्वरित निष्पादन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष शिविर में आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किए जाएंगे।

### शिविर में इन योजनाओं पर रहेगा फोकस

- झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना
- अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना
- अबुआ आवास योजना
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना
- बिरसा हरित ग्राम योजना
- किसान क्रेडिट कार्ड
- सर्वजन पेंशन योजना
- सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना
- हरा राशन कार्ड
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना
- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड
- जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र

### सभी योजनाओं के अलग-अलग स्टॉल

प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित किया जाएगा, जिसके माध्यम से शिविर में ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों और सरकारी लाभों का वितरण लाभुकों के बीच किया जाएगा। सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्ति तथा स्वीकृति के लिए शिविर में योजनावार अलग-अलग स्टॉल लगाया जाएगा।

## लोहरदगा उपायुक्त ने की बैठक, अधिक से अधिक आवेदनों के निस्तारण पर जोर

**LOHARDAGA :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की कार्ययोजना व तैयारियों के लिए एक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई।

बैठक में सभी प्रखण्ड व अंचल अधिकारियों को शिविर को सफल बनाने, अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर उनका निष्पादन किये जाने और शिविर की अच्छी तरह मॉनिटरिंग किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त और अपर समाहर्ता को संपूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग का निर्देश दिया गया। पंचायतों के चिन्हित स्थलों में लगने वाले शिविर में प्रत्येक विभाग/योजनाओं का स्टॉल लगाये जाने, आम जनता को स्टॉल की जानकारी के लिए निर्देशिका लगाये जाने, शिविर में स्टॉल को बेहतर तरीके से सजाये जाने, शिविर स्थल के बारे लोगों को जानकारी दिये जाने आदि का निर्देश दिया गया। प्रखण्डों में कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए वरीय दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन के संभावित कार्यक्रम हेतु विभागवार योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्तियों के वितरण की सूची तैयार किये जाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए।

# साढे चार लाख की आबादी पानी से वंचित

- आठ करोड़ बिजली बिल बकाया होने पर डीवीसी ने काट दिया था मैथन इंटेकवेल का कनेक्शन 19 जलमीनारों से शहर में होती है जलापूर्ति

### इन जलमीनारों से होती है जलापूर्ति

स्टीलगेट, हीरापुर, पुराना बाजार, भूदा, बरमसिया, मेमको मोड़, पॉलीटेक्निक, गांधी नगर, एसएनएमएमसीएच, धोवाटांड़, धनसार, भूली, मटकुरिया, वासेपुर, चिरागोड़ा, हिल कालोनी, मनईटांड़, पुलिस लाइन, गोल्फ ग्राउंड।

**DHANBAD :** शहर की साढ़े चार लाख की आबादी को गुरुवार को पानी नहीं मिला। शहरी क्षेत्र के 19 जलमीनारों से जलापूर्ति न होने से लोग हैरान-परेशान रहे। वैकल्पिक साधनों का प्रयोग कर पानी की व्यवस्था की। दो चरण में पेयजल विभाग जलमीनारों में जलापूर्ति करता है। प्रथम चरण में एक भी जलमीनार में पानी नहीं चढ़ाया जा सका। दूसरे चरण में एकमात्र स्टीलगेट जलमीनार में आज शाम तक पानी मिलने की संभावना है। पेयजल विभाग के अनुसार अब शुक्रवार को ही 19 जलमीनार से जलापूर्ति हो पाएगी। दरअसल बिजली बिल का भुगतान समय पर नहीं होने पर बुधवार की दोपहर 12.10 बजे डीवीसी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मैथन के गोगना में बने इंटेकवेल का बिजली कनेक्शन काट दिया। इस इंटेकवेल से रॉ वाटर धनबाद के भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पहुंचता है। यहां से शोधित होने के बाद जलमीनारों में आपूर्ति की जाती है। पानी शोधन करने में ही लगभग चार से पांच घंटे लग जाते हैं। बुधवार को संध्या साढ़े छह बजे बिजली सेवा बहाल हुई। इसके बाद मैथन से धनबाद देर रात पानी पहुंचा। इसके कारण न तो पानी शोधित हो सका और न ही जलापूर्ति की जा सकी। शुक्रवार को सभी 19 जलमीनारों से जलापूर्ति होगी।

**प्रत्येक माह एक करोड़ का बिल :** डीवीसी का बिजली बिल अप्रैल से बकाया है। प्रत्येक माह लगभग एक करोड़ 60 लाख रुपये का बिल आता है। पांच माह का लगभग आठ करोड़ रुपये बिल बकाया हो गया है। बिल बकाया होने के कारण डीवीसी की ओर से तीन बार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मैकेनिकल विभाग को नोटिस दिया गया। पेयजल विभाग ने इसके आलोक में नगर विकास विभाग से आवंटन मांगा। सचिव बदलने और बिजली बिल अधिक होने की जांच में समय देरी हुई। 27 अगस्त को भी डीवीसी ने मैकेनिकल विभाग के कार्यपालक अभियंता मयंक भगत से बिल भुगतान नहीं होने पर बिजली कनेक्शन काटने की चेतावनी दी गयी थी। विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि जल्द भुगतान हो जाएगा। इसके बाद डीवीसी ने बिजली कनेक्शन काट दिया। भगत ने बताया 30 अगस्त तक डीवीसी को बकाया भुगतान हो जाएगा।

# समन्वित हमले

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा पोषित तालिबान के अगस्त 2021 में काबुल पर दोबारा कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान में, खासकर अफगानिस्तान से लगे उसके बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा सूबों में आतंकवादी हमलों में उछाल देखा गया है। अकेले 2023 में 650 से ज्यादा हमले दर्ज किए गए, जिनमें से 23 फीसद बलूचिस्तान में हुए, जो क्षेत्रफल के आधार पर पाकिस्तान का सबसे बड़ा सूबा और अलगाववादी विद्रोह की नर्सरी है। लेकिन, इसी नई सामान्य स्थिति में भी सोमवार बलूचिस्तान और पाकिस्तान के लिए सबसे खूनी दिनों में से एक था। वर्ष 2006 में पाकिस्तानी सेना द्वारा मारे गए बलूच राष्ट्रवादी नवाब अकबर बुगती की मौत की 18वीं बरसी पर अलगाववादियों ने सूबे में समन्वित हमले किए। बलूच लिबरेशन आर्मी ने कई मौतों के लिए जिम्मेदारी ली है। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक,अलगाववादियों ने बुनियादी ढांचे को क्षतिग्रस्त किया और पंजाब के कई प्रवासी मजदूरों को मौत के घाट उतार दिया। बलूचिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में हमले होना इस विद्रोह की बढ़ती पहुंच और क्षमता को दिखाता है। बुगती की मौत की बरसी पर अतीत में भी हिंसक घटनाएं हुई हैं, लेकिन 26 अगस्त को पाकिस्तान की सैन्य और खुफिया सेवाएं हक्का-बक्का रह गईं। ऐतिहासिक तौर पर पाकिस्तान ने बलूच समस्या के प्रति बेरहम सैन्य दृष्टिकोण अपनाया है। प्राकृतिक संसाधनों की अपनी दौलत के बावजूद बलूचिस्तान देश का सबसे गरीब क्षेत्र है। पाकिस्तान ने इस सूबे की ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा की है। दूसरी तरफ पंजाब राष्ट्रीय राजनीति में रसूखदार और आर्थिक रूप से समृद्ध बना। इसने बलूच समुदाय के कई तबकों के भीतर पंजाब विरोधी रुझानों को जन्म दिया। जीने के लिए बुरे हालात के साथ-साथ, इसका भी इस्तेमाल अपने मकसद के लिए समर्थन जुटाने में अलगाववादियों ने किया। स्थानीय अर्थव्यवस्था को बिना कोई फायदा पहुंचाए संसाधनों के दोहन के लिए वे संघीय सरकार पर अक्सर हमले करते हैं। सूबे से गुजरने वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को बलूच अलगाववादियों ने इस शोषण की एक मिसाल बताया है। पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान बलूचिस्तान में नागरिक अधिकार आंदोलनों के साथ संवाद बना पाने में भी विफल रहा है। ऐसा ही एक आंदोलन बलूच यकजेहती कमेटी है, जिसने सूबे में बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का हनन किया ओर संघीय प्राधिकारियों का ध्यान खींचने के लिए इस साल इस्लामाबाद और बलूच शहरों में कई धरने आयोजित किए। ऐसे एक्टिविस्टों को अक्सर पाकिस्तान के दुश्मन के रूप में पेश किया जाता है, जो सेना के पास बस यही विकल्प छोड़ता है कि वह अलगाववादियों के खिलाफ बल प्रयोग करे। लेकिन, राज्य की हिंसा ने अलगाववादियों को सिर्फ मजबूत ही किया है, जो ताजा हमलों से जाहिर है। अगर पाकिस्तान अपने सबसे बड़े सूबे में स्थिरता और सुरक्षा को लेकर गंभीर है, तो उसे स्थानीय लोगों की विकास संबंधी चिंताओं के समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए। मानवाधिकार उल्लंघन को रोकना चाहिए और बलूचियों के साथ दोबारा रिश्ते कायम करने के लिए शांतिपूर्ण नागरिक अधिकार आंदोलनों के साथ बातचीत करनी चाहिए।

# जरूरी प्रतिबंध

अभिव्यक्ति की आजादी संपूर्ण नहीं है और यह सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के मद्देनजर कुछ प्रतिबंधों के अधीन है, जिन्हें मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में संहिताबद्ध किया गया है। टेलीग्राम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पावेल ड्यूरोव एक ऐसे प्रौद्योगिकी निमार्ता हैं, जिन्होंने अपने मंच पर अभिव्यक्ति की पूर्ण आजादी पर जोर दिया है और असंतुष्टों को अपने मैसेजिंग एप्लिकेशन का इस्तेमाल करने की इजाजत देकर राष्ट्र-राज्यों की नाराजगी का जोखिम मोल लेते हुए अपनी एक व्यवस्था विरोधी छवि बनाई है। उनके ऐप पर आपराधिक गतिविधि से संबंधित जांच के सिलसिले में फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा उनकी हिरासत और गिरफ्तारी ने यह सवाल उठाया है कि क्या यह कार्रवाई इंटरनेट पर अभिव्यक्ति की आजादी पर भयावह प्रभाव डालने के इरादे से की गई है। लेकिन, इसका जवाब कहीं ज्यादा जटिल है। अपने ऐप पर कंटेंट के प्रति अहस्तक्षेप के उनके नजरिए का हश्र यह हुआ है कि इस मंच पर उग्रवाद, मादक पदार्थों के डीलरों, घोटालेबाजों और फ्रांस सरकार के मुताबिक, बाल अश्लीलता (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) को भी जगह मिलती है। ड्यूरोव ने कहा है, गोपनीयता...बुरी चीजें होने के हमारे डर से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है...और वास्तव में आजाद रहने के लिए, आपको आजादी के वास्ते सब कुछ दांव पर लगाने को तैयार रहना चाहिए। लेकिन, क्या लोगों की सुरक्षा और आजादी को खतरे में डालने वाले नतीजों को रोकने की जिम्मेदारी को खत्म करने के लिए ऐसा किया जा सकता है। मैसेजिंग ऐप्स को लेकर और ड्यूरोव जैसे अभिव्यक्ति की संपूर्ण आजदी के पक्षधरों से पूछने लायक एक अहम सवाल है। टेलीग्राम के कुछ सोशल नेटवर्किंग फीचर्स को अगर ध्यान में रखें, तो यह सिर्फ एक मैसेजिंग ऐप होने से कहीं बढ़कर है। इसके एन्क्रिप्शन तंत्र जहां असंतुष्टों और राज्य विरोधी पक्षधरों के लिए बिना लगाम के इस ऐप का इस्तेमाल करना आसान बनाते हैं, वहीं यह ऐप पूरी तरह से एंड टू एंड एन्क्रिप्शन - एक ऐसी व्यवस्था, जिसका प्रावधान सिग्नल जैसे ऐप करते हैं, का इस्तेमाल नहीं करता है। इसका मतलब यह है कि आपराधिक गतिविधि, दुष्प्रचार और बाल अश्लीलता (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) से संबंधित कुछ संदेश टेलीग्राम द्वारा पढ़े जा सकते हैं और जरूरत पड़ने पर वह कानून का प्रवर्तन करने वाली एजेंसियों के अनुरोध पर कार्रवाई कर सकता है।

# बनी रहे पीड़ामुक्त करती नर्सों के चेहरे की मुस्कान

ANALYSIS

आर.के. सिन्हा

सारी बहस में हेल्थ सेक्टर की जान नर्सों के योगदान और उनके हितों की चर्चा कहीं पीछे छूट जाती है। यह बात ध्यान रखने की है कि अपने पेशे के प्रति निष्ठावान नर्सों के बिना रोगियों को सही ढंग से इलाज ही संभव नहीं है। इसलिए नर्सों की ट्रेनिंग और इनकी पगार और दूसरी सुविधाओं, खासकर इनके साथ होने वाले विनम्र व्यवहार पर खास देते रहना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्सें लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्स उपलब्ध हैं। भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्सें प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्सें किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं।

भारत में रोगियों का अस्पतालों में तस्ल्लीबख्श इलाज किस तरह से हो, इस मसले पर नए-नए सुझाव सामने आते रहते हैं। सब अपने-अपने अनुभव और जानकारी के हिसाब से बताते हैं कि रोगियों को हम किस तरह से उच्च कोटि का इलाज दे सकते हैं। सारी बहस में हेल्थ सेक्टर की जान नर्सों के योगदान और उनके हितों की चर्चा कहीं पीछे छूट जाती है। यह बात ध्यान रखने की है कि अपने पेशे के प्रति निष्ठावान नर्सों के बिना रोगियों को सही ढंग से इलाज ही संभव नहीं है। इसलिए नर्सों की ट्रेनिंग और इनकी पगार और दूसरी सुविधाओं, खासकर इनके साथ होने वाले विनम्र व्यवहार पर खास देते रहना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्सें लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्स उपलब्ध हैं। भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्सें प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्सें किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में। उदाहरण के रूप में कैंसर रोगियों का इलाज करने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है। ऑन्कोलॉजी नर्सों को उपचार का

संचालन करने, दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने और रोगियों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने में कुशल होना चाहिए। इसी प्रकार किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट के मरीजों को संक्रमण से बचाना एक बड़ी समस्या है, जिससे निपटने के लिए प्रशिक्षित नर्सें ही प्राणरक्षक का कार्य करती हैं। अंग्रेज नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगल विश्व में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाती हैं। बेशक नर्सें किसी भी देश की चिकित्सा प्रणाली का जरूरी अंग हैं। रोगियों की जांच में फिजिशियनों एवं ऑपरेशन के दौरान भी सर्जनों की सहायता करती हैं, फीवर और बल्ड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स रेट आदि नियमित रूप से रिकॉर्ड करती हैं, रोगियों को दवा खिलाने/पिलाने, इंजेक्शन देने का कार्य करती हैं, घावों की पट्टियां बदलती हैं और रोगियों के उपचार का रिकॉर्ड, तापमान, पल्स रेट, पोषाहार, सुधार आदि का रिकॉर्ड भी रखती हैं। अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद नर्सों को अक्सर उनके योगदान के लिए बहुत कम पहचान मिलती है और उनके पेशेवर विकास के अवसर भी कम ही होते हैं। यह सबको पता है कि भारत में अधिकतर नर्सें केरल से आती हैं, यूरोप और अमेरिका में फिलीपींस से। दोनों ही स्थान समंदर के किनारे बसे हैं। यह अपने घरों को और बाल-बच्चों और परिवार को देखने के अलावा नाइट ड्यूटी भी करती हैं। फिलीपींस और केरल दोनों से हर साल हजारों नर्सें निकलती हैं। नर्सें भारत के विभिन्न भागों के अलावा अरब खाड़ी के अन्य देशों में जातीं हैं। फिलीपींस वाली नर्सें ज्यादा पसंद करती हैं अमेरिका और यूरोप। इन दोनों जगहों की नर्सों ने अपनी मेहनत और लगन से सारी दुनिया में अपना नाम कमाया है। दिल्ली का सेंट स्टीफंस अस्पताल गुजरे सवा सौ सालों से रोगियों का इलाज कर रहा है। यहां की नर्सों को इस अस्पताल को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी की तरफ से सीख मिलती रही है कि जनसेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसके चलते सेंट स्टीफंस अस्पताल या इसे छोड़कर किसी अन्य जगह पर जाकर काम करने वाली नर्सें हमेशा रोगियों के साथ खड़ी रहती हैं। अगर आप खेलों की दुनिया को करीब से नहीं भी जानते हैं, तो भी आपने भारत के मशहूर धावक अमोज जैकब का नाम सुना होगा। हो सकता है कि कि आप कहें कि नर्सों की चर्चा करते हुए हम भटक तो नहीं रहे। यह बात नहीं है। जैकब उस भारतीय पुरुष 4400 रिले टीम के मेंबर थे, जिसने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नए राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। अमोज जैकब की मां राजधानी दिल्ली के एक अस्पताल में हेड नर्स हैं। अमोज जैकब कहते हैं कि मेरी मां ने दिन-रात रोगियों की सेवा करते हुए मुझे भी हमेशा प्रोत्साहित किया कि मैं बेहतरीन धावक बन जाऊं। अब तो भारत के सभी प्रदेशों से नर्सें आ रही हैं। खासकर पहाड़ी प्रदेशों-उत्तराखंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, मेघालय, सिक्किम आदि से। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ.विनय अग्रवाल कहते हैं कि केरल की नर्सों की अब भी सब जगहों में बहुत मांग है। वह जहां जाती हैं, वहां पर केरल का नाम रोशन भी करती हैं। उन्हें बेहतर सेवा करने के बदले में अच्छी से अच्छी सेलरी भी मिलनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब साढ़े छह लाख भारतीय नर्सें देश से बाहर जाकर काम कर रही हैं। जाहिर है कि इतनी बड़ी संख्या में नर्सों के देश से बाहर काम करने से देश में और उनके परिवारों में पर्याप्त विदेशी मुद्रा आती ही होगी। भारत की सबसे बड़ी लग्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवाने वाली मान ट्रांसपोर्ट कंपनी के चेयरमेन अमृत मान तो नर्सों की बात होते ही बहुत भावुक हो जाते हैं। वे बताते हैं कि अगर उनकी राजधानी के जयप्रकाश नारायण अस्पताल (पहले इरर्विन अस्पताल) में हेड नर्स के रूप में काम करने वाली मां ने उनका साथ न दिया होता तो वह अपने को स्थापित नहीं कर पाते। अमृत मान की मां ने अपने बेटे को अपने रिटायरमेंट के वक्त मिले पैसे से टैक्सी दिलवाई। उसके बाद अमृत मान ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी कंपनी ही जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत सरकार को लग्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवा रही थी। भारत में नर्सिंग एक ऐसा पेशा है, जो महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर चुना जाता है। इस क्षेत्र में पुरुष नर्सों की भूमिका अभी भी ऐसे क्षेत्रों तक सीमित है, जिसमें रोगियों को उनकी न्यूनतम आवश्यकता होती है। जैसे-आईसीयू। अभी भी विशेष रूप से प्रसूति एवं महिला रोग विज्ञान विभाग पुरुष नर्सों को स्वीकार नहीं करते। जानकार मानते हैं कि भारत में एक लाख सहायक नर्स तथा चार लाख सामान्य नर्स की कमी है। आप भी मानेंगे कि इस तरह के बहुत भाग्यशाली ही लोग होते हैं, जिन्हें कभी अस्पताल में जाना नहीं पड़ता। उन कठिन दिनों में हमें नर्स की सेवा और उनकी मुस्कान से कितनी राहत मिलती है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इसलिए यह परम आवश्यक है कि नर्सों के चेहरों पर मुस्कान बनाए रखने के लिए सरकार और समाज इनके हितों को देखे।

**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का देश विरोधी घोषणापत्र

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद पहली बार इस केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव करीब एक दशक के बाद होने जा रहे हैं। साल 2019 में केंद्र सरकार ने विशेष दर्जा खत्म कर जम्मू-कश्मीर को दो अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया था। लद्दाख को भी अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। जम्मू-कश्मीर में बीते दो दशकों में इस बार का चुनाव सबसे कम समय में कराया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के आखिरी चुनाव साल 2014 में हुए थे। साल 2018 में भाजपा और पीडीपी के गठबंधन वाली सरकार गिर गई थी। उस वक्त आपसी मतभेद के चलते भाजपा ने पीडीपी से अपना समर्थन वापस ले लिया था। सरकार गिरने के बाद जम्मू-कश्मीर करीब छह साल तक केंद्र सरकार के शासन में रहा। जम्मू-कश्मीर चुनाव के मद्देनजर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अपने घोषणा पत्र जारी किए हैं, जो बुनियादी तौर पर भारत विरोधी लगते हैं। मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की और 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने का बिल संसद से पारित करा दिया। अब 2024 में विधानसभा चुनाव की घोषणा की गई है, तो पुराने मुद्दों को नए संदर्भों में उठाया जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अनुच्छेद 370, 35-ए की बहाली का आश्वासन दिया है। जम्मू-कश्मीर के 'अलग झंडे' की बात कही गई है। ऐसा है, तो आने वाली विधानसभा में 'अलग संविधान' का प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है। इसके लिए दलीलें दी जाती रही हैं कि विलय के समझौता पत्र में उल्लेख था कि कश्मीर का अपना 'अलग झंडा' और 'अलग संविधान' होगा। ये दलीलें कुतर्क हैं, क्योंकि विलय पत्र में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सियासतदानों को जरा पढ़ लेना चाहिए। बहरहाल पत्थरबाजों की दोबारा सरकारी नौकरी में बहाली होगी और जेल से सियासी कैदियों की रिहाई की जाएगी। ऐसे कैदियों को माफ भी किया जा सकता है। पाकिस्तान से सटी 'नियंत्रण रेखा' पर कारोबार की नई शुरूआत के साथ-साथ पाकिस्तान के साथ बातचीत और जनसंपर्क भी शुरू किया जाएगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सोच के स्तर पर पाकिस्तान परस्त रही हैं, लेकिन सवाल है कि क्या एक विधानसभा ऐसे मुद्दों को पारित कर सकती है। विदेश और रक्षा नीतियां केंद्र सरकार तय करेगी अथवा संघशासित क्षेत्र की विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है। भारतीय संसद ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त किया था और सर्वोच्च अदालत ने भी उसे 'उचित, संवैधानिक निर्णय' माना था। फिर विधानसभा चुनाव में पार्टियां इनकी बहाली और 'विशेष दर्जे' की वापसी का वादा कैसे कर सकती हैं। यह सवाल नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पूछा गया था। उनका जवाब था कि आने वाली सर्वोच्च अदालत में कश्मीर की बुनियादी सोच वाले न्यायाधीश भी आ सकते हैं। केंद्र में मौजूदा सरकार की विदाई हो सकती है तथा विपक्षी गठबंधन ह्यइंडीह्ल की सरकार बन सकती है। हमने जम्मू-कश्मीर के अवाम को आश्वस्त किया है कि तब तक हम इंतजार करेंगे, लेकिन लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि 'शंकराचार्य के पर्वत' का इस्लामी नाम 'तख्त-ए-सुलिमान' रखा जाएगा और हरी पर्वत को कोह-ए-मरान लिखा था। इस सवाल को गृहमंत्री अमित शाह ने भी उठाया था और कांग्रेस से सवाल पूछा था कि क्या वह शंकराचार्य पर्वत की पहचान खत्म करने की साजिश को समर्थन करती है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस के कश्मीर को एक बार फिर 'इस्लामिक' बनाने के मंसूबे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणा पत्र में शंकराचार्य पर्वत को तख्त-ए-सुलेमान बताने पर कश्मीरी हिंदुओं में आक्रोश फूट पड़ा है और इसे संस्कृति और पहचान को खत्म करने की साजिश करार दिया है। शंकराचार्य पर्वत व हरि पर्वत कश्मीरी हिंदुओं की आस्था के प्रतीक हैं। कश्मीर का नाम कश्यप ऋषि से पड़ा। यह भूमि ऋषियों की भूमि है। इस भूमि से कश्मीरी हिंदुओं की आस्था, संस्कृति जुड़ी है। इनके नाम कैसे बदले जा सकते हैं। नेकां गंदी राजनीति खेल रही है। आज नेकां ने अपनी मंशा लोगों के सामने रख दी है। कश्मीरी पंडितों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के इस विषय पर फारूक अब्दुल्ला को सीधा पत्र लिखा है। उन्होंने फारूक अब्दुल्ला से पीएसए हटाने के वादे और अन्य बिंदुओं को भी हटाने की मांग उठाई है। अन्य कश्मीरी हिंदू संगठन भी नेशनल कॉन्फ्रेंस की इस मंशा पर सवाल उठा रहे हैं। कश्मीर पंडितों ने चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा है और मांग उठाई है कि कश्मीरी हिंदुओं की पहचान को खत्म करने के प्रयास को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। वास्तव में कश्मीरी हिंदू घाटी की हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता और संस्कृति के संवाहक हैं। कश्मीरी पंडित कॉन्फ्रेंस के अनुसार, नेशनल कॉन्फ्रेंस हमारी सभ्यता के तमाम निशान मिटाना चाहती है। यह प्रयास नया नहीं है। कुछ कट्टरवादी तत्व पहले से इस प्रोपगेंडा पर काम कर रहे हैं और लैलेश्वरी को लैला अरिफा और श्रीनगर को शहर-ए-खास बताने का प्रयास हो रहा है। असल में नेशनल कॉन्फ्रेंस तो शेख अब्दुल्ला की ही विरासत है, लिहाजा उनकी सियासत भी वही होगी। पीडीपी ने यहां तक घोषणा की है कि 'जमात-ए-इस्लामी' पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा यानी कश्मीर में अलगाववाद, आतंकवाद, हड़ताल और बंद की पुरानी स्थितियों की वापसी के रास्ते तैयार किए जा रहे हैं। चुनाव घोषणा पत्र में आरक्षण खत्म करने का आश्वासन दिया गया है। क्या गुर्जर, बकरवाल, दलित, पहाड़ी जातियों के आरक्षण खत्म किए जाएंगे। यह निर्णय कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति पर आघात की तरह साबित हो सकता है। ऐसे कई आश्वासन घोषणा पत्रों में दिए गए हैं। बेशक ये देश विरोधी घोषणाएं हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि केवल कश्मीरी पंडित ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में रचने बसने वाले हर हिंदू के लिए जहां शंकराचार्य पर्वत एक पवित्र स्थान है, वहीं इस्लामी कट्टरपंथियों की आंख में इसकी पवित्रता खटकती रहती है। जगहों के नाम बदलने की रवायत उन्होंने इस स्थान के लिए प्रयोग की हुई है। आप अगर इंटरनेट पर देखेंगे तो पाएंगे कि कई जगह इस जगह को लोग तख्त-ए-सुलेमान का नाम देकर आज भी बुलाते हैं और शंकराचार्य पर्वत का नाम लोगों की स्मृति से मिटाने का काम करते हैं।

# Social Media Corner

## सच के हक में...

भाजपा सरकार में न्याय की उम्मीद करना भी गुनाह है! कमजोरों और वंचितों के खिलाफ गंभीर से गंभीर घटनाओं में भी जिनकी प्राथमिकता न्याय नहीं अपराध छिपाना हो, उनसे कोई क्या ही उम्मीद करे? फर्रुखाबाद में हुई घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, पीड़ित परिवार के साथ प्रशासन का ऐसा रवैया किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आखिर यह सब कब तक सहन किया जा सकता है? एक समाज के रूप में हमारे सामने ये बहुत बड़ा सवाल है! सुरक्षा भारत की हर बेटी का अधिकार है और न्याय हर पीड़ित परिवार का हक।

**(राहुल गांधी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा झारखंड समेत में अन्य राज्यों में अराजकता फैलाने की धमकी देना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। खुफिया एजेंसियों ने जो संभावना व्यक्त की थी, ममता बनर्जी ठीक उसी प्रकार की अलगाववादी भाषा में बात कर रही हैं। ममता बनर्जी का यह बयान पूरे देश की संप्रभुता विशेषकर झारखंड, बिहार, ओडिशा, असम और उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने मुख्यमंत्री जैसी संवैधानिक पद पर रहते हुए बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करने और देश तोड़ने की बात कर अपने नापाक इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। पश्चिम बंगाल के नाजुक हालात देखते हुए केंद्र सरकार अविलंब हस्तक्षेप कर वहां राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा करें।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# राष्ट्रपति की निराशा

यह एक विरल अवसर है, जब देश की राष्ट्रपति ने बलात्कार और हत्या के मामले पर गहरी निराशा और भय का इजहार किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस महीने की शुरूआत में कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ क्रूर बलात्कार और हत्या के संबंध में अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी की है और उसके बाद देश में सियासी सरगर्मी का बढ़ना तय है। राष्ट्रपति ने ऐसा क्यों किया, इसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा है कि ह्यबहुत हो गया।ह्ल उन्होंने समाज को ह्यसामूहिक स्मृतिलोपह्ल का शिकार बताकर झकझोरा है। कोई शक नहीं कि महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा गंभीर मामला है और इसे लेकर खूब राजनीति भी हो रही है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में समाज और शासन के स्तर पर उबाल का माहौल है। जब मामला सर्वोच्च न्यायालय की निगाह में है और सीबीआई भी जांच कर रही है,

तब राष्ट्रपति के बयान को तरह-तरह से समझने की कोशिशें हो रही हैं। राष्ट्रपति की टिप्पणी के बाद ममता बनर्जी की शिकायतों का पुलिंदा भी और बढ़ जाएगा। बहरहाल, लोकतंत्र में राजनीति को नहीं रोका जा सकता, लेकिन समाज को अपने स्तर पर राष्ट्रपति के तीखे उद्गार के निहितार्थ को समझना होगा। राजनीति से परे जाकर देखिए, तो ऐसी जघन्य घटनाएं ईमानदार और निष्पक्ष आत्मनिरीक्षण की जरूरत की ओर इशारा करती हैं। यह सही है कि हम अपने कटु अनुभवों को भी भूल जाते हैं। भूलने की बीमारी वाकई चिंता और विमर्श का विषय है। क्या ऐसी घटनाओं के प्रति समाज को सतत जागरूक रखने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं। क्या सभी सार्वजनिक स्थलों पर महिला सुरक्षा संबंधी संदेशों को स्थायी रूप से प्रदर्शित करना चाहिए। महिलाओं को जो लोग कमतर या कमजोर समझते हैं, उन्हें अपनी सोच में बदलाव लाना होगा। क्या समाज को कोसने के बजाय राजनीतिक दलों को पहले अपने गिरेबान में नहीं झांकना चाहिए। ऐसे लोग बहुत हैं, जो महिला शोषण की आदत डाले हुए हैं, उन्हें कैसे रेखांकित या चिह्नित किया जाए। राष्ट्रपति ने अगर सामूहिक स्मृतिलोप की निंदा की है, तो अब सरकारों का यह दायित्व है कि वे इस बीमारी का यथोचित इलाज करें। मणिपुर में क्या हुआ था। एक वंचित आबादी ने दूसरी वंचित आबादी का शोषण किया था। और तो और, शोषण और अत्याचार में महिलाएं भी शामिल थीं। महिलाओं ने पुलिस ही नहीं, सेना को भी काम करने से रोका था। केवल निंदा, दुख और रोष से कुछ नहीं होने वाला, जमीन पर उतरकर काम करना पड़ेगा। समाज और उसके कर्णधारों को आईना दिखाना पड़ेगा। यह पूरा विमर्श केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित न रहे, तो ज्यादा बेहतर है। महिला शोषण किसी एक राज्य का मामला नहीं है। केरल में तो जिस मनोरंजन उद्योग को सबसे संवेदनशील और सृजनशील माना जाता है, वहां भी चंद सफेदपोशों ने महिला शोषण से एक नरक ही रच दिया है। ध्यान रहे, फिल्म उद्योग में घिनौने शोषण को उजागर करने वाली हेमा रिपोर्ट को चार साल से ज्यादा समय तक दबाए रखा गया। अब रिपोर्ट सामने आ गई है, तो दोषियों के खिलाफ 17 मामले दर्ज हो चुके हैं। विडंबना देखिए, महिला शोषण की सनसनीखेज रिपोर्ट को स्वयं वहां की सरकार ने दबाए रखा था। यह समस्या हमें मुंह चिढ़ा रही है और कहीं भी इसे छिपाने की कोशिश वास्तव में किसी भी राज्य की यशगाथा में दाग लगाने की साजिश से कम नहीं है।

# अब और देर नहीं

बताया जाता है कि केंद्र सरकार बहुत विलंबित जनगणना में आंकड़ों के संग्रह के विस्तार पर विचार कर रही है, ताकि जाति गणना को इसमें शामिल किया जा सके। यह पूरे विषय को और उलझाने का ही मामला हो सकता है। जाति को जनगणना के तत्वों (वैरिएबल्स) में से एक के रूप में शामिल किए जाने की संभावना कई राजनीतिक पार्टियों द्वारा जाति जनगणना की जोरदार मांग का नतीजा हो सकती है। लेकिन, 2011 की सामाजिक-आर्थिक एवं जाति जनगणना की अधूरी और खराब ढंग से सूत्रबद्ध प्रकृति के परिणामस्वरूप ऐसे आंकड़े मिले, जो बोझिल व त्रुटिपूर्ण थे, इसलिए इस्तेमाल लायक नहीं थे। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार को जाति के आंकड़ों को तालिकाबद्ध करने के लिए महापंजीयक के कार्यालय और अन्य एजेंसियों का इस्तेमाल जल्दबाजी में बिल्कुल नहीं करना चाहिए। सबसे पहले जनगणना युद्धस्तर पर कराने के लिए एक निश्चित समयावधि होनी चाहिए। साल 2026 में पहले परिसीमन कराने की अनुमति देने के लिए, अगर जनगणना में जान-बूझ कर देरी की जा रही है, तो यह न सिर्फ सार्वजनिक नीतियों के लिए, बल्कि राज्यों के साथ संबंधों के लिए भी नुकसानदेह होगा। जून 2024 तक 233 देशों में से भारत उन 44 देशों में एक था, जिन्होंने इस दशक में जनगणना नहीं कराई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा बताया गया कारण यह था कि देर कोविड-19 महामारी के चलते हुई, लेकिन 143 अन्य देशों ने मार्च 2020 (जब महामारी शुरू हुई थी) के बाद जनगणना कराई। भारत जनगणना न कराने की इस संदेहास्पद खासियत के मामले में यमन, सीरिया, अफगानिस्तान, म्यांमार, यूक्रेन, श्रीलंका और उप-सहारा अफ्रीकी देशों जैसे संघर्ष, आर्थिक संकट या उथल-पुथल से प्रभावित देशों के साथ खड़ा है। 1881 से 2011 तक दस वर्षीय जनगणना बिना चूक के हुई है और अब इसमें देरी का कोई बहाना मौजूद नहीं है। फिर भी जिलों, तहसीलों, कस्बों और नगर निकायों की प्रशासनिक चौहद्दी स्थिर करने की समयसीमा इस साल 30 जून को खत्म हो गई।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# Guard against partisanship entering the barracks

MILITARIES of the Indian subcontinent have a common fount — the colonial British Indian Army. Before the raising of the official 'Indian Army' in 1895, the collective force of the British Raj was made up of three presidency armies — Bengal Army, Madras Army and the Bombay Army. Till date, the essential construct of the subcontinental militaries retains similar nomenclature, structuring, culture of regiments (reflecting societal/regional diversities) and institutional values that, on paper, make for an aligned purpose for the profession of arms.

The three major subcontinental countries — India, Pakistan and Bangladesh — are constitutional democracies, subscribing to the principle of civilian control of the military. However, the ideal level of civil control, defined by historian Samuel P Huntington as "the proper subordination of a competent, professional military to the ends of policy as determined by civilian authority", has varied dramatically among the three countries. The ability to keep the armed forces insulated and distanced from internal politics, partisanship or societal passion (e.g., religiosity, regionalism) has varied substantially. Wherever and whenever the militaries have sought a role beyond their constitutionally defined mandate of defending the borders or for tackling internal insurgencies (whenever the police forces have failed to contain them), progressive democracy has weakened.

Since Independence in 1947, the Pakistani military has taken over the formal reins of power during 1958-71, 1977-88, and 1999-2008. Even when the civilian rule ostensibly existed in Pakistan, it was the worst-kept secret that the Army House (residence of the army chief) in the garrison township of Rawalpindi — and not in the political capital of Islamabad — called the shots. The Pakistani Warrant of Precedence may put the army chief at Article (level) 11, but the 'redlines' on critical sovereign politics, positions and preferences are always defined by the Army House. Across the Line of Control, the Indian experiment in democracy persisted with virtually no role or relevance afforded to the world's second-largest military force beyond its constitutional remit. The Indian tradition of maintaining the institution's healthy 'distance' from politics and partisanship, has been the key, unlike in Pakistan.Even the relatively younger nation of Bangladesh has had difficulties in restraining its 'barracks', with as many as 29 recorded coup attempts. The formal takeover by the military could be traced to the presidentship of Abu Sadat Mohammad Sayem (1975-77), who took over in the aftermath of repeated counter-coups. He was made the Chief Martial Law Administrator in a junta-style cabinet presided by three chiefs of the armed forces. He was succeeded by Lt Gen Ziaur Rahman (1977-81) and, after a two-year gap, by Lt Gen Hussain Muhammad Ershad (1983-90). The fact that the post-independence Bangladeshi military was composed of diverse elements from the Pakistani army, Mukti Bahini militia and other rebels from varied ideological moorings made the institution susceptible to irreconcilable affiliations that were in conflict with each other and banked on domestic politics to advance their agendas. Since the Bangladeshi military (like the Pakistanis) was unable to extricate itself from the societal morass and afflictions, it partook of extraconstitutional endeavours, and thus democracy suffered.

There were unscheduled regime changes in Pakistan (April 2022) and Bangladesh (August 2024), where the hand of the respective militaries was unmistakable. The Pakistani 'establishment' (read military) had forced out the vainglorious PM Imran Khan after 'selecting' him in 2018, as he had started fancying a bigger role for himself. Imran was soon cut to size and the political forces that were dumped by the 'establishment' earlier (PML-N and PPP) made a comeback as unnatural coalition partners. The 'establishment' made it clear that it was not bound by any partisan preference, but only by the institution's self-interest and supremacy.

# Regulate e-commerce with foolproof policy

## Govt should focus on ways to make companies more accountable to consumers

INDIA's online retail market has not expanded as rapidly as that of other countries despite the growing levels of Internet penetration. The share of e-commerce in the total retail market is a paltry 8 per cent compared to nearly 40 per cent in China, 22 per cent in the US and 16 per cent in the European Union (EU). It is in this backdrop that one must view the criticism of the widening role of e-retail by Commerce Minister Piyush Goyal at an event recently. Though he softened his stance subsequently, the initial comments indicated deep concern over the impact of online sales on brick-and-mortar shops, especially the country's widespread network of kirana stores.He was also unhappy over the findings of a report presented there about the relatively low impact of e-commerce on offline stores. In contrast, he felt the economy could be heading for up to 50 per cent share of e-commerce in the retail segment. Other studies, however, corroborate the findings that online sales are a marginal player in the economy, at least for the time being. A study carried out by the Boston Consulting Group (BCG) and the Retailers Association of India (RAI) earlier this year noted that the share of e-commerce in the total retail market has grown from 4 per cent in 2018 to 8 per cent in 2023. It forecast that this would reach 13 to 15 per cent by 2028.The potential, as is often pointed out, remains huge in this country but the e-commerce growth rate declined slightly last year. From 22 to 55 per cent rise over the period from 2019 to 2022, it fell to 10 per cent in 2023, according to the BCG-RAI study. Even so, it is clear that e-retail has not had the expected disastrous effect on traditional brick-and-mortar shops. No wonder there has been little comment on the issue either from the Swadeshi Jagran Manch or the Confederation of All India Traders in recent times, barring the latest statements of support for Goyal's stance. Both the manch — an RSS affiliate — and the traders' body were at one time vociferous lobbyists seeking protection for the country's physical retail markets.The fact is that kirana stores or the neighbourhood grocery vendors still have a pre-eminent place in the country's retail arena. The study by the Pahle India Foundation that was contested by Goyal found that the advent of e-commerce has reinvigorated the growth of traditional retail. It noted that e-retail has spurred the move towards digital sales, increasing customer satisfaction, home delivery and after-sales service. Many stores are looking to expand their footprint. The study projects that e-commerce will touch 32 per cent of total retail sales by 2030, a far cry from the 50 per cent envisaged by the Commerce Minister.Yet, he cannot be faulted for expressing concern over predatory pricing and B2C (business to consumer) sales by online platforms in violation of existing guidelines. The former issue has been raised earlier as well in regard to deep discounts offered on marketing platforms like Amazon and Flipkart. The question of predatory pricing has gone up to the Competition Commission but could not be resolved since companies must have a dominant position in the market to be considered in this light.As for B2C sales, this is prohibited for online marketplaces which are meant to be platforms for sale of products made by other companies. The unfortunate reality is that online entities had created their own subsidiaries and were selling in violation of guidelines. Though such firms have apparently now been delinked from the online platforms, there is still concern that their products are being given undue prominence on the sites.

